बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 21 अगस्त 2026 | दिन - शुक्रवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 205 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा



BEST EMERGENCY CARE IN TRAUMA, STROKE & HEAD INJURY
जानकी न्यू लाईफ मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
क्रीड़ा संकुल रोड, मरारटोली, गोंदिया - 441614
EMERGENCY 75 108 57 108
डॉ. सनी सतीश जायसवाल न्यूरो सर्जन
डॉ. सौ. पूनम सनी जायसवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ

SAHAYOG HOSPITAL
7 Years
निःशुल्क एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी शिविर
वैधता 31 अगस्त 2026 तक
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07

...और दिखाओ...और दिखाओ
और दिखाओ...और दिखाओ...!!!
...खुबसुरत साड़ियों के लिए तो सिर्फ...यहींच...संभव
बरकरार रखो! चुनने का मजा...
मो. 9325481081 9423113147
पंकज
खास साड़ियों का खास संग्रह
गोंदिया


## नवीनीकरण फाइल मंजूरी के लिये

# रिश्वत के आरोप में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का अधिकारी गिरफ्तार..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपने आंतरिक वित्तीय सलाहकार (आईएफए) के खिलाफ 10 लाख रुपये की कथित रिश्वत की मांग की शिकायत पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को अलर्ट किया, जिसके बाद उस अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया।***

मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मंत्रालय को रिश्वत की कथित मांग के बारे में शिकायत मिली थी जिसके बाद मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया क्योंकि भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं करने की सरकार की नीति है।


अधिकारियों ने बताया कि मंत्रालय से मिली जानकारी और 'वेंडर' की औपचारिक शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने 'इंडियन सिविल अकाउंट्स सर्विस' के 2020 बैच के अधिकारी और मंत्रालय में आईएफए के तौर पर तैनात उप लेखा नियंत्रक संदीप को गिरफ़्तार किया।

आरोप है कि संदीप यह रिश्वत एक निजी कंपनी के अनुबंध के नवीनीकरण की फ़ाइल को मंजूरी देने और उसकी प्रक्रिया तेज़ करने के लिए मांगी थी। उन्होंने बताया कि संदीप ने नवीनीकरण फ़ाइल की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक कारोबारी से 15 लाख रुपये की मांग की थी।

**सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''बातचीत के बाद, आरोपी शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये की रिश्वत लेने को तैयार हो गया। '' प्रवक्ता ने बताया कि एजेंसी ने मंगलवार को जाल बिछाया और आरोपी अधिकारी को अपनी पत्नी के ज़रिए 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।**

## सिख विरोधी दंगों के मामले में

# उम्रकैद की सजा काट रहे कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन..


Sajjan Kumar (1945-2026)

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का बृहस्पतिवार को यहां सफदरजंग अस्पताल में निधन हो गया। सज्जन कुमार वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। लोकसभा की वेबसाइट के मुताबिक कुमार के परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को दिल्ली में किया जाएगा।

अस्पताल के अनुसार कुमार को पुलिस पूर्वाह्न करीब 11 बजे जब अस्पताल लेकर पहुंची तो वह पूरी तरह होश में नहीं थे। अस्पताल ने एक बयान में बताया, ''सज्जन कुमार (81) को पुलिस पूर्वाह्न करीब 11 बजे वीएमएमसी एवं सफदरजंग अस्पताल लेकर पहुंची। उन्हें तत्काल भर्ती किया गया और उपचार शुरू किए गए।'' बयान के मुताबिक, ''सभी आवश्यक चिकित्सा एवं जीवन रक्षक उपाय किए जाने के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका और दोपहर 12:30 बजे उनका निधन हो गया।'' अस्पताल ने बताया, ''वह (सज्जन कुमार) उच्च रक्तचाप और पार्किंसन रोग से पीड़ित थे तथा अतीत में कई बार अस्पताल में भर्ती हो चुके थे।'' वह तिहाड़ जेल में बंद थे। उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को कुमार की उस याचिका पर सुनवाई होनी थी, जिसमें उन्होंने अपनी बीमार पत्नी के कारण चिकित्सा आधार पर तीन हफ्ते की पैरोल मांगी थी। कुमार ने दिल्ली के नांगलोई से नगर पार्षद के तौर पर राजनीति में कदम रखा और बाद में 1977 में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने। वह 1980, 1991 और 2004 में लोकसभा के लिए चुने गए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पांच सिखों की हत्या और एक गुरुद्वारे को जलाए जाने से जुड़े मामले में 17 दिसंबर, 2018 को कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। कुमार ने इस दोषसिद्धि के बाद कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। फरवरी 2025 में दिल्ली की एक अदालत ने दंगों के दौरान दो सिखों की हत्या से जुड़े एक अन्य मामले में भी पूर्व सांसद को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। 1984 की हिंसा और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए बनाए गए नानावटी आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली में 587 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। इन 587 प्राथमिकी में से केवल 28 मामलों में ही सज़ा हुई। हत्या के लिए लगभग 50 लोगों को सजा हुई, जिनमें कुमार भी शामिल थे।

राज्यसभा सदस्य पवन खेड़ा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे व सांसद दीपेंद्र हुड्डा के अलावा कांग्रेस के अधिकतर बड़े नेता कुमार को श्रद्धांजलि देने से बचे। चंडीगढ़ में भूपेंद्र हुड्डा की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरियाणा कांग्रेस विधायक दल ने कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कुमार को श्रद्धांजलि दी और उनकी याद में मौन भी रखा।


जल्द पधारिये.. बम्पर डिस्काउंट सिर्फ 31 अगस्त तक..
निरंतर 65 वर्षों से विश्वसनीय प्रतिष्ठान
Lucky
आपके अपने विजय भैय्या का
Apparels
20% To 50%
SAREES
GHAGRA CHUNNI
LACHA
INDO WESTERNS
MONSOON SALE
FOLLOW US ON :
हमारी अन्य कहीं भी कोई शाखा नहीं है..
गोरेलाल चौक, मेन रोड, गोंदिया

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC, ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग - बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
फार्मेसी - बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री, 2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.


# छात्रों ने कलेक्टर से की शिक्षकों के प्रेम संबंधों की शिकायत, दोनों हटाए गए..

**छिंदवाड़ा (भाषा)।**

छिंदवाड़ा जिले के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक और अतिथि शिक्षिका के कथित प्रेम संबंधों को लेकर छात्रों की शिकायत के बाद दोनों को स्कूल से हटा दिया गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, मामला जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर जुन्नारदेव विकासखंड के बीच बहरी गांव स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का है।

बीईओ ओ.पी. जोशी ने बताया कि शिकायत के बाद जांच समिति गठित कर जांच कराई गई। जांच के आधार पर शिक्षक और अतिथि शिक्षिका को हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि उनके स्थान पर नए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। मामला तब सामने आया, जब स्कूल के कुछ छात्र जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जनसुनवाई के दौरान दोनों शिक्षकों की शिकायत की। छात्रों ने आरोप लगाया कि दोनों उन्हें पढ़ाने के बजाय जल्दी छुट्टी कर प्यार-मोहब्बत करते हैं। शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त सत्येंद्र सिंह मरकाम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। संबंधित शिक्षक और शिक्षिका ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उन्हें बेवजह बदनाम किया जा रहा है और छात्रों ने किसी के बहकावे में आकर शिकायत की है। शिक्षिका ने दावा किया कि स्कूल में किसी अन्य व्यक्ति ने भी अतिथि शिक्षक के पद के लिए आवेदन किया है और उसका नाम प्रतीक्षा सूची में है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें हटाकर उस व्यक्ति की नियुक्ति कराने के उद्देश्य से यह पूरी कहानी गढ़ी गई और छात्रों को बहकाकर शिकायत कराई गई।


SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time | AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111


# प्रधानमंत्री मोदी से जापान के रक्षामंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी ने मुलाकात की, रिश्तों को प्रगाढ़ करने पर दिया जोर..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' को और प्रगाढ़ करने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। प्रधानमंत्री मोदी***

ने जापान के रक्षामंत्री के साथ मुलाकात के दौरान जुलाई 2026 में 16वें भारत-जापान सालाना शिखर सम्मेलन के लिए भारत यात्रा पर आईं जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ हुई विस्तृत बातचीत को याद किया और दोनों देशों के लगातार प्रगाढ़ हो रहे रक्षा सहयोग की सराहना की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि ''भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।'' बयान के मुताबिक मोदी ने भारत और जापान के बीच 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' को और मज़बूत करने के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया और हिंद-प्रशांत व उसके बाहर शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत-जापान रक्षा और सुरक्षा सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी की आगवानी करके खुशी हुई। मोदी ने कहा, ''भारत और जापान के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को और मजबूत करने पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमारी 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी' हिंद-प्रशांत और उससे परे शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए एक अहम आधार है।''

प्रधानमंत्री ने जापान के लिए भारतीय कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी विशेषकर 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत मिलकर विकास और उत्पादन करने के अवसरों को रेखांकित किया। बयान में कहा गया है कि रक्षा मंत्री कोइज़ुमी ने प्रधानमंत्री को दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में हुई प्रगति के बारे में जानकारी दी और भारत के साथ संबंध और मजबूत करने के लिए जापान सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।


नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मूळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द
• पित का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द
• आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik) आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कूल रोड, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है।

अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा खबरों से जुड़ें।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# संत रविदास जी की 650 वीं जयंती पर समारोहपूर्वक कार्यक्रम का हुआ आयोजन, समरसता का संदेश देने कलश यात्रा का शुभारंभ..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***संत शिरोमणि गुरू रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर प्रदेश में उनके जीवन दर्शन तथा समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय, एवं मानवता के संदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से श्री गुरू रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान एवं कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 20 अगस्त से 10 सितंबर 2026 तक चलेगा। 20 अगस्त को माता सावित्री फुले कन्या छात्रावास, बालाघाट से समरसता कलश यात्रा का झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया गया।***



यात्रा के शुभारंभ अवसर पर मप्र राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम, कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, शिक्षाविद श्रीमती लता एलकर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनुपमा नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री अमीरचंद छिपेश्वर, जनपद पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष श्री फूलचंद सहारे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, संत रविदास समाज के जिला अध्यक्ष श्री हरिशचंद महोबे, श्री बसंत कुमरे, श्री रमेश मोहबे, साहेबलाल बरैया, श्री बीएल महोबे, यात्रा के प्रभारी श्री जितेंद्र मोहारे, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर, नगर पालिका के सीएमओ श्री सूर्यप्रकाश उके, जिला योजना अधिकारी श्री वैद्य एवं रविदास समाज संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि संत रविदास ने समाज में जात-पात एवं ऊंच-नीज की भावना से परे होकर सामाजिक सद्भाव, समानता और समरसता का संदेश दिया है। उनके विचारों से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। हम सब को उनकी शिक्षा और दर्शन को अपने जीवन में उतारना चाहिए। यह समरसता कलश यात्रा संत रविदास जी के शिक्षा और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निकाली गई है। इस कलश यात्रा से सभी लोगो को जुडकर समाज में समरसता का संदेश देना चाहिए। पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे ने अपने सम्बोधन में कहा कि संत रविदास का जीवन दर्शन एवं उनके आदर्श आज भी हम सब के लिए अनुकरणीय है। उनके बताय मार्ग पर चलकर हम सभी समाज का कल्याण कर सकते है और भेदभाव की भावनाओ को मिटा सकते है। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में कन्या उत्कृष्ट छात्रावास बिरसा की छात्राओ ने संत रविदास जी के दर्शन पर आधारित नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। इसके पश्चात समरसता कलश यात्रा रथ को अतिथियों द्वारा झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ बालाघाट से रवाना होकर लालबर्रा विकासखंड के ग्राम गर्रा एवं लालबर्रा पहुंचेगा तथा 21 अगस्त को ग्राम बोरी में समरसता संदेश का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# मोनू उर्फ निशांत सोनी हत्याकांड मे 04 आरोपियों को उम्रकैद की सजा..

## सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत का फैसला



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर के बस स्टैंड स्थित शास्त्री पेट्रोल पंप के पास करीब दो वर्ष पूर्व 29 सितंबर 2024 की रात करीब 11:30 बजे मोनू उर्फविशाल सोनी अपने दोस्त विशाल परते के साथ बस स्टैंड स्थित शास्त्री पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने पहुंचा था। इसी दौरान मोनू पेट्रोल पंप के कार्यालय***

में चला गया।इसी समय राजेश चामलाटे, तनवीर शेख, अंकित चामलाटे और कुलदीप हरिनखेड़े पेट्रोल पंप के कार्यालय में पहुंचे और मोनू के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान राजेश चामलाटे ने चाकू निकालकर मोनू के सीने और पेट में वार कर दिया। वारदात के बाद चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। इस हत्याकांड के मामले में सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत ने 04 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने चारों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।सजा पाने वाले आरोपियों में राजेश पिता मादोलाल चामलाटे 40 वर्ष वार्ड नंबर 10 भटेरा चौकी बालाघाट, अंकित पिता किशनलाल चामलाटे 24 वर्ष ग्राम देवरी थाना हट्टा, तनवीर शेख पिता शेख रहीम 26 वर्ष वार्ड नंबर 14 बूढ़ी बालाघाट तथा कुलदीप उर्फरजा पिता कुंजीलाल हरिनखेड़े 22 वर्ष वार्ड नंबर 1 बूढ़ी बालाघाट निवासी शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा चाकू से वार किये जाने के बाद मोनू उर्फ निशांत सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे उसके दोस्त विशाल परते ने आसपास के लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान मोनु मौत हो गई। यह वारदात आपसी पूर्व रंजिश के चलते घटित हुई थी।घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 459/2024 दर्ज करते हुए आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला कायम किया था। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई विद्वान सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण की अदालत में हुई।

सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं परिस्थितिजन्य तथ्यों के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध आरोप सिद्ध करने में सफलता हासिल की।मामले की समस्त परिस्थितियों, उपलब्ध साक्ष्यों और विवेचना के निष्कर्षों के आधार पर अदालत ने चारों आरोपियों को धारा 103(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक आरोपी को 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।इस मामले में अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक मदन मोहन द्विवेदी ने प्रभावी पैरवी की।

# स्व. राजीव गाँधी जयंती पर बालाघाट में जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा निकाला गया भव्य सदभावना मार्च..



जगप्रेरणा बालाघाट।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न,कंप्यूटर क्रांति के जनक, आधुनिक भारत के निर्माता स्व.श्री राजीव गाँधी की जन्म जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल के तत्वाधान में बालाघाट जिले में सद्भावना मार्च निकाला गया। सर्वप्रथम कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय हनुमान चौक, बालाघाट में एकत्रित होकर स्व.श्री राजीव गांधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया।

तत्पश्चात् जिला कार्यालय से रैली के रूप में सभी कार्यकर्ता जयकारे और उद्घोष के साथ मेन रोड़ होते हुए दिव्यांग छात्रावास पहुंचे। दिव्यांग छात्रावास में सेवादल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बच्चों को फल वितरण किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा, जबलपुर संभाग प्रभारी विजय साहू, जिला संगठन महासचिव शफकत खा, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष जीतू बर्वे, जिला उपाध्यक्ष उम्मेद लिल्हारे, जिला उपाध्यक्ष अनुप सिंह बैस, जिला उपाध्यक्ष भीम फुलसुंघे, शहर अध्यक्ष श्याम पंजवानी, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष रहीम खान, पूर्व जिला महामंत्री अल्लाह रख्खा, पूर्व न.पा.उपाध्यक्ष अनिल सोनी, पूर्व महामंत्री शमीम सिद्दीकी, वरिष्ठ कांग्रेसी महेश सहारे, विधायक प्रतिनिधि निर्मल कल्लू सोनी, धर्मेंद्र बोपचे, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल बनोटे, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष लालबर्रा मथुरा बिसेन, सेवादल शहर अध्यक्ष साबिर मंसूरी, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष भरवेली भीम वाहने, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष पन्ना कुतराहे, धनेंद्र आंबडकर, विनोद बंसकार,रामसिंह भाटिया, जुबेदा अंसारी, सेवादल महिला शहर अध्यक्ष रीना कुमार, सेवादल महिला ब्लॉक अध्यक्ष भरवेली रेविका नाग, सेवादल जिला उपाध्यक्ष श्रीमती रानी दास, श्रीमती रीना कुंभरे, सेवादल जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, लक्की पारकर, अंश चौहान, अनिरुद्ध, हर्षित ठावरहे सहित समस्त कांग्रेस पदाधिकारी,सेवादल कार्यकर्ता, महिला-बहनें, कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



आज बालाघाट में सहस्त्रबाहु कलार समाज महिला मंडल जिलाध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनेकर के नेतृत्व में हरियाली महोत्सव के अवसर पर सावन झूला कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस अवसर पर उपस्थित कलार समाज की महिलाएं.. - चित्र इसी अवसर का..

# बिरसा में 22 बैगा बच्चों की मौत पर आदिवासी समाज ने निकाला कैंडल मार्च, की 20 लाख मुआवजे की मांग

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड शासन एवं प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य सेवाओं में की गई कमी के कारण विगत दिनों में लगातार एक के बाद एक कुल 22 बैगा आदिवासी बच्चों की मौत की***



घटनाएं घटित हो चुकी है, जिसके विरोध में गुरुवार 20 अगस्त की शाम आदिवासी समाज के आक्रोशित होकर कैंडल मार्च निकालकर शासन प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही के आरोप लगाकर मृतक बैगा परिवारों को 20 लाख रुपये मुआवजा दिये जाने की मांग की।

बालाघाट में जयस्तंभ चौक से शुरू होकर काली पुतली चौक से होते हुए आंबेडकर चौक पर कैंडल मार्च का समापन किया गया। समाज के लोगों ने मोमबत्तियां जलाकर मृत बैगा बच्चों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बोले दिनेश धुर्वे..

आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने इस अवसर पर बयान जारी कर कहा कि बच्चे कुपोषण का शिकार हैं, और 22 बच्चों की मौत लापरवाह स्वास्थ्य प्रणाली के कारण हुई दिखाई दे रही है, लेकिन प्रशासन केवल 8 मौतों को ही स्वीकार कर रहा है।

दिनेश धुर्वे ने जगप्रेरणा से चर्चा में कहा कि इस घटना के बाद हमारी मांग है कि स्वास्थ्य मंत्री तत्काल इस्तीफा दें। जिम्मेदार अधिकारियों का तत्काल निलंबन किया जाना चाहिये और पीड़ित परिवारों को 20-20 लाख रुपए की सहायता राशि दी जानी चाहिये।

## बोले शुभम उईके..

**परिषद के अध्यक्ष शुभम उईके ने कहा कि हर दिन प्रशासनिक यंत्रणा को अब सरकार ने लगा दिया है, लेकिन फिर भी सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बैगा समाज के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।**

# शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त

जगप्रेरणा बालाघाट।

लालबर्रा स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में नवीन प्रवेश प्रक्रिया 21 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक जारी रहेगी।

यह प्रवेश प्रक्रिया का अंतिम चरण है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश ÷पहले आओ, पहले पाओ÷ के आधार पर रिक्त सीटों पर दिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद महाविद्यालय में उपस्थित होकर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेश के लिए ऑफर प्राप्त कर सकेंगे। रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित होगी।

पंजीकृत विद्यार्थी महाविद्यालय से ऑफर प्राप्त करने के बाद प्रवेश शुल्क जमा कर सकेंगे। नए पंजीकृत विद्यार्थियों को केवल एक ही महाविद्यालय में पंजीयन की अनुमति होगी तथा हेल्प सेंटर पर सत्यापन के बाद प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# 26 अगस्त को मनाया जाएगा ईद-मिलादुन्नबी पर्व, जगह-जगह निकलेगा जुलुसे-मोहम्मदी..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जाने वाले पर्व ईद-मिलादुन्नबी जिले में पूरी अकीदत के साथ मनाया जाएगा। 26 अगस्सत को मनाए जाने वाले ईद-मिलादुन्नबी पर जुलुसे-मोहम्मदी निकाला जाएगा।***



जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो के चौक, चौराहो में सजावट की तैयारियां शुरू हो गई है। जहां पर जुलुसे मोहम्मदी का इस्तकबाल किया जायेगा। हाजी शोएब खान ने बताया कि 26 अगस्त को ईद-मिलादुन्नबी का पर्व, पूरे देश सहित प्रदेश और जिले में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अकीदत के साथ मनाया जाएगा और पूरी शानौ-शौकत के साथ जुलुस-ए-मोहम्मदी निकाला जायेगा।

उन्होंने बताया कि मुस्लिम कैलेंडर के अनुसार इस्लामिक माह के तीसरे महिने में चांद के दीदार से लेकर चांद की 12 तारीख तक जश्ने ईद-मिलादुन्नबी पर्व पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते है। इसी कड़ी में बालाघाट शहर सहित पूरे जिले में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसमें जिले की सभी मस्जिदो, मदरसो और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में नात की महफिल, कुरान खानी, लंगर सहित अन्य आयोजन हो रहे है। विशेष रूप से जामा मस्जिद में नातिया प्रोग्राम के साथ-साथ पैगंबर मोहम्मद साहब की पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की जीवनी, तालिम और उनके दिखाए गए रास्ते, को लोगों तक पहुंचाने के लिए तकरीर दी जा रही है।

रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने बताया कि पैगंबर मोहम्मद साहब का 1501 वां जन्मदिवस है। जिनका जन्म अरब के मक्का शहर में हुआ था। जिन्होंने इस्लाम धर्म के माध्यम से अमन और शांति के पैगाम को लोगों तक पहुंचाने का काम किया। जिनके जन्मदिन को पूरी दुनिया में इस्लाम धर्मावलंबी पूरे अकीदत के साथ मनाते है, इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ कुरान, पैगंबर हजरत मोहम्मद पर उतारा गया हैं। जो पूरी दुनिया को इंसानियत और मानवता का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि अहले सुन्नत के मुख्यालय, बरेली शरीफ से जुलुसे-मोहम्मदी को लेकर, जो गाईडलाईन दी गई है। उसका पालन करते हुए परंपरागत तरीके से सलातो-सलाम और नात पढ़ते हुए जुलुसे-मोहम्मदी निकाले। शहर सहित जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के सबसे बड़े त्यौहार जश्ने ईद-मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में खुशियां देखी जा रही है। रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने प्रशासन से अपील की है कि ईद-मिलादुन्नबी पर्व और इसमें निकाले जाने वाले जुलुसे-मोहम्मदी को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए।

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# स्कूल में हुई कम्प्यूटर चोरी का खुलासा, 01 आरोपी गिरफ्तार

**चोरी का मशरूका एवं घटना में प्रयुक्त कार जप्त..**





जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में SDOP केवलारी आशीष भराड़े*

के नेतृत्व में थाना केवलारी पुलिस ने शासकीय स्कूल में हुई चोरी की घटना का त्वरित खुलासा किया है।

दिनांक 01.08.2026 को प्रार्थी चूरामन बघेल, प्राचार्य, शास. हाई स्कूल बगलई, निवासी खैरापलारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 28/29.07.2026 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों द्वारा स्कूल के चैनल गेट एवं कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़कर शासन से प्राप्त 09 कम्प्यूटर सेट एवं 02 अन्य कम्प्यूटर सेट में से हार्ड डिस्क, प्रोसेसर एवं रैम, कमरे में लगा 65 इंच का सैमसंग स्मार्ट टी.वी. तथा प्राचार्य कक्ष में लगा सीसीटीवी का **DVR** चोरी कर ले गए थे। रिपोर्ट पर थाना केवलारी में अपराध क्रमांक 260/2026, धारा 331(4), 305(द्) **BNS** का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना स्थल का बारीकी से परीक्षण एवं उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपी को चिन्हित किया।

## गिरफ्तार आरोपी..

विक्की बघेल पिता मेरसिंह बघेल, उम्र 34 वर्ष, निवासी उगली नाका, केवलारी, थाना केवलारी, विधि विरुद्ध बालक के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की गई है। फरार एक अन्य आरोपी आर्यन उर्फचिकू की तलाश जारी है।

**जप्ती**- घटना में प्रयुक्त वाहनः अर्टिगा कार क्रमांक **MP04YP3124** आरोपी विक्की बघेल के कब्जे सेः 02 प्रोसेसर, 03 रैम, 02 **SSD** प्लेट, विधि विरुद्ध बालक की निशानदेही परः 01 हार्ड डिस्क, 06 रैम, 05 प्रोसेसर, 03 **SSD** प्लेट

एक आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। विधि विरुद्ध किशोर को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया।

## सराहनीय भूमिका..

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीतम सिंह तिलगाम, सउनि राजेन्द्र चौधरी, सउनि जयकुमार चौहान, प्र.आर. गोविंद सलाम, प्र.आर. देवीसिंह रघुवंशी, आर. प्रखर सिरोहिया, आर. नरेन्द्र चौरिया, म.आर. सुमन, म.आर. अनवती एवं पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# धनौरा में कॉलेज और खेल मैदान के लिए छात्रों व युवाओं ने भरी हुंकार..

## तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, 20 दिन का दिया अल्टीमेटम..

जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।





आदिवासी बहुल विकासखंड धनौरा में शासकीय महाविद्यालय और सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान (मिनी स्टेडियम) की स्थापना को लेकर क्षेत्र की छात्र, युवा एवं नागरिक शक्ति ने निर्णायक जंग का शंखनाद कर दिया है।

गुरुवार, 20 अगस्त को बड़ी संख्या में एकत्रित हुए विद्यार्थियों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने तहसीलदार के माध्यम से महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन को 20 दिनों का स्पष्ट अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी गई है कि यदि समय-सीमा के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो क्षेत्र की युवा शक्ति भूख हड़ताल, आमरण अनशन और उग्र जन-आंदोलन के लिए विवश होगी।

## घोषणाओं के बाद भी नहीं खुला कॉलेज, 150 गांवों के विद्यार्थी परेशान..

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि धनौरा विकासखंड से जुड़े लगभग 150 गांवों के हजारों विद्यार्थी 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों में जाने को मजबूर हैं। आर्थिक एवं सामाजिक विषमताओं के चलते कई गरीब व आदिवासी छात्र-छात्राएं पढ़ाई छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं। छात्रों ने याद दिलाया कि 12 अप्रैल 2024ः तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने धनौरा में कॉलेज की स्थापना की घोषणा की थी, जिसके बाद केवलारी महाविद्यालय से इसकी शाखा संचालित होनी थी, मगर वह शुरू नहीं हुई।

18 जनवरी 2025ः वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी सिवनी के मंच से धनौरा में कॉलेज स्थापना की घोषणा की थी। दोनों मुख्यमंत्रियों की घोषणाओं के बावजूद आज तक धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई न होने से पूरे क्षेत्र के युवाओं और नागरिकों में गहरा आक्रोश और निराशा व्याप्त है।

## खेल मैदान के अभाव में दम तोड़ रही प्रतिभाएं..

ज्ञापन में यह भी प्रमुखता से उठाया गया कि धनौरा में सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान और मिनी स्टेडियम का भारी अभाव है। क्षेत्र के युवाओं में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन उचित मैदान और आवश्यक संसाधनों के न होने से उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर नहीं मिल पा रहा है।

## ज्ञापन में रखी गईं 5 प्रमुख मांगें..

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाओं के अनुरूप धनौरा में शासकीय महाविद्यालय की स्थापना शीघ्र की जाए, महाविद्यालय संचालन के लिए आवश्यक भूमि, भवन एवं मूलभूत अधोसंरचना की तत्काल व्यवस्था की जाए, धनौरा में सर्वसुविधायुक्त खेल मैदान / मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाए, खेल मैदान में फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों के लिए सभी आवश्यक आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएं, लगभग 150 गांवों के विद्यार्थियों एवं युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए दोनों मांगों पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई की जाए।

## 20 दिन में कार्रवाई नहीं तो भूख हड़ताल और उग्र आंदोलन..

छात्र और युवा प्रतिनिधियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि 20 दिवस के भीतर शासन और प्रशासन द्वारा मांगों पर प्रभावी व ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो क्षेत्र के विद्यार्थी, युवा और नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण परंतु उग्र आंदोलन करेंगे। जरूरत पड़ने पर युवा भूख हड़ताल और अनशन पर भी बैठेंगे, जिससे उत्पन्न होने वाली संपूर्ण विषम परिस्थितियों की जवाबदेही शासन-प्रशासन की होगी।

# कोतवाली पुलिस की गौवंश तस्करी पर बड़ी कार्रवाई

## कार में क्रुरतापूर्वक ठूंसकर ले जाए जा रहे 06 गौवंश बरामद, 01 आरोपी गिरफ्तार..



जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा SDOP सिवनी चंचलेश मरकाम के*

मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों एवं अपराधों की रोकथाम हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गौवंश तस्करी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है।

रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक कार में गौवंश को क्रुरतापूर्वक भरकर चौरई से सिवनी होते हुए नागपुर के कत्लखाने ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर बैनगंगा नदी, लखनवाड़ा एवं बम्होड़ी के मध्य सड़क पर नाकाबंदी की गई।

लगभग 04:00 बजे मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए की मारुति सुजुकी **SX4** कार क्रमांक **MH01 AL5374** आती दिखाई दी। पुलिस को देखकर चालक ने वाहन भगाने का प्रयास किया, जिसे पीछा कर रोका गया। अंधेरे का फायदा उठाकर एक आरोपी भाग गया, जबकि कार चालक को मौके पर पकड़ा गया।

## जप्ती एवं बरामदगी..

वाहन की तलाशी में कार की डिक्की से 06 नग गौवंश बरामद हुए। गौवंश के गले, मुंह एवं पैरों को रस्सियों से बांधकर अत्यंत क्रुरता एवं निर्दयतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। वाहन में चारा, भूसा, पानी एवं प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं थी। **जप्त संपत्ति**–परिवहन में प्रयुक्त कारः मारुति सुजुकी **SX4,** क्रमांक **MH01 AL5374** कीमत लगभग 9,00,000/- रुपये

## आरोपी..

ईशाक पिता बब्लू टाण्डी, उम्र 23 वर्ष, निवासी यशोधरा बुद्ध विहार के पास, कामगार नगर, कामठी, थाना नया कामठी, जिला नागपुर (महाराष्ट्र) 01 अन्य आरोपी फरार, जिसकी तलाश की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 9, मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 6, 7, पशुओं के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192, 184 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई। जप्त किए गए 06 गौवंश को पुलिस सुरक्षा में दयोदय जीव रक्षा संस्थान, बींझावाड़ा में सुरक्षित रखवाया गया है। जप्त वाहन को रक्षित केन्द्र, सिवनी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।

## सराहनीय भूमिका..

इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि प्रमोद मालवी, प्र.आर. सुधीर डहेरिया, प्रदीप चौधरी, आर. लोकेश सरयाम, गंगाप्रसाद राहंगडाले, मुकेश नवरेती, प्रतीक बघेल एवं चीता मोबाइल स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गौवंश के अवैध परिवहन एवं पशुओं के प्रति क्रूरता करने वालों के विरुद्ध सिवनी पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# विश्व फोटोग्राफी डे पर फोटोग्राफर एसोशिएशन छपारा ने बच्चों के बीच बांटी खुशियां..



जगप्रेरणा छपारा।

*19 अगस्त विश्व छायांकन दिवस के अवसर पर छपारा फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन से अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, मनोज बबलू बरदिया, शालू खान, इमरान खान, श्याम डेहरिया,*

नीलेश चंद्रवंशी, फुरकान खान, सहित छपारा नगर के अन्य फोटोग्राफर सदस्यों ने शासकीय प्राथमिक शाला गोली तिन्सा पहुंचकर वहां अध्यनरत छात्र छात्राओं को पेंटिग बुक, कलर पेन, खिलौने, बिस्कुट, चॉकलेट एवं फल का वितरण किया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग से बीएसी राकेश तिवारी एवं स्कूल के प्रधान पाठक शांत कुमार दुबे शिक्षक जाहिद मोहम्मद एवं आंगनवाड़ी से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों ने भी अपनी उत्साहपूर्ण उपस्थिति प्रदान की।

एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, बीएसी श्री राकेश तिवारी ने इस अवसर पर उपस्थितों और बच्चों को कैमरा और फोटोग्राफ के महत्व को बताते हुए कहा कि हर फोटो केवल एक तस्वीर नहीं बल्कि कहानी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है तस्वीर सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि इतिहास की जीवंत गवाही भी है इसलिए जीवन के हसीन लम्हों को कैमरे में अवश्य कैद करें। बच्चे और शाला प्रबंधन इस अनोखे आयोजन से बहुत खुश हुए। शालेय कर्मचारियों द्वारा सभी उपस्थितों को स्वल्पाहार कराया गया एवं प्रधान पाठक शांत कुमार दुबे सभी का आभार व्यक्त किया।

# सिवनी पुलिस ने कांबिंग गश्त में 82 वारंटी को गिरफ्तार कर 95 निगरानी/ गुंडा बदमाश किया चेक




जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) के द्वारा दिनांक 18-19 अगस्त 2026 की मध्य रात्रि में जिले के समस्त*

थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु 'नाईट काम्बिंग ऑपरेशन' आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 19-08-26 की रात्रि 12 बजे से प्रातः 05 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी, जिसके सार्थक परिणाम निकले।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में 04 राजपत्रित पुलिस अधिकारी, सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 84 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा।

रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 33 स्थाई वारंट, 49 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 95 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 140 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

# जमीन विवाद को लेकर पिता की हत्या करने वाले आरोपी बेटे को आजीवन कारावास

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले के थाना घंसौर का यह मामला ग्राम सूचानमेटा में दिनांक 12.06.2024 को दोपहर करीब 02 बजे आरोपी कासीराम उइके उम्र 37 वर्ष ने अपने पिता सुमेरीलाल पिता लोकमन उइके उम्र 58 वर्ष को, की तुने बिना मेरे पूछे जमीन क्यो बेच दिया,*

कि बात पर से अपने पिता को घर के आंगन में लाठी से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और भाग गया था, जिससे सुमेरीलाल की आधे घंटे पश्चाइत् मृत्यु हो गयी थी। मीडिया प्रभारी मनोज कुमार सैयामअभियोजन सिवनी ने बताया कि उक्त घटना के चश्मदीद फूलसिंह मर्सकोले के द्वारा घटना की सूचना देकर रिपोर्ट लिखायी गई थी, जिसकी विवेचना सहायक उप-निरीक्षक बलदेव प्रसाद श्रीवास्तोव के द्वारा की गई एवं आरोपी के विरूद्ध धारा 294, 506(2) एवं 302 भा0द0वि0 के अंतर्गत विवेचना पूर्ण पश्चात् माननीय न्यायालय ने अभियुक्त काशीराम के विरूद्ध अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था।

जिसकी सुनवाई माननीय न्यायालय श्रीमान संजीव कुमार पालीवाल, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश, तहसील लखनादौन, जिला सिवनी की न्याययालय में की गई, जिसमें शासन की ओर से गोपाल कृष्णा हालदार, उप-निदेशक अभियोजन, सिवनी, श्रीमती अर्चना रानी मरावी, सहायक निदेशक अभियोजन, सिवनी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर श्रीमती कीर्ति तिवारी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, तहसील लखनादौन के द्वारा प्रभावी रूप से पैरवी करते हुए गवाहो और सबूतों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसके आधार पर माननीय विद्वान न्यायालय द्वारा आरोपी काशीराम उइके को उसके पिता की हत्या के अपराध में धारा 302 भा.द.वि. में दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 10,000रूपये के जुर्माने से दण्डित करने का निर्णय घोषित किया।

## 01 जून से अब तक जिले में 637.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज..

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले में मानसून की गतिविधियां जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 20 अगस्त 2026 तक जिले में 637.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 20 अगस्त को जिले में 14.2 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

01 जून से 20 अगस्त तक हुई संचयी वर्षा के अनुसार सिवनी में 724.8 मिमी, बरघाट में 704.4 मिमी, लखनादौन में 731.7 मिमी, केवलारी में 636.6 मिमी, कुरई में 526.6 मिमी, धनौरा में 616.5 मिमी, छपारा में 539.8 मिमी तथा घंसौर में 614.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक कुल 5097.5 मिमी वर्षा तथा 637.2 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि तक जिले में 886.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। तहसीलवार संचयी वर्षा में सिवनी में 725.6 मिमी, कुरई में 646.8 मिमी, बरघाट में 687.5 मिमी, केवलारी में 1107.0 मिमी, छपारा में 899.5 मिमी, लखनादौन में 938.5 मिमी, धनौरा में 816.4 मिमी तथा घंसौर में 1274.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी।

# सांदीपनि विद्यालय कंडीपार के विद्यार्थियों को 1 सितंबर से मिलेगी बस सुविधा

जगप्रेरणा सिवनी।

*सांदीपनि विद्यालय कंडीपार में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए आवागमन की सुविधा को लेकर जिला प्रशासन ने पहल की है। विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला स्तर से बस सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है।*

राज्य स्तर से नियमित परिवहन व्यवस्था की प्रक्रिया पूर्ण होने तक जिले से यह व्यवस्था की जा रही है, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो और उन्हें सुगम आवागमन मिल सके।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने शिक्षा एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी 1 सितंबर 2026 से सांदीपनि विद्यालय कंडीपार के विद्यार्थियों के लिए बस सुविधा प्रारंभ की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बस संचालन की व्यवस्था विद्यार्थियों की सुविधा को केंद्र में रखकर की जाए। इसके लिए विद्यार्थियों के निवास क्षेत्र, उनकी संख्या और विद्यालय तक पहुंचने के मार्ग का अध्ययन करते हुए रूट चार्ट तैयार किया जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रूट ऐसा निर्धारित किया जाए कि विद्यार्थियों को बस पकड़ने के लिए अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े। सुविधाजनक स्थानों पर स्टॉपेज निर्धारित किए जाएं तथा विद्यालय के समय को ध्यान में रखते हुए बसों की समय-सारणी तय की जाए। इससे विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय पहुंचने के साथ ही छुट्टी के बाद सुरक्षित एवं सुविधाजनक तरीके से घर लौटने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने अधिकारियों को बस संचालन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही व्यवस्था की नियमित निगरानी करने तथा विद्यार्थियों की सुविधा के अनुसार आवश्यकतानुसार रूट एवं संचालन में सुधार करने पर भी ध्यान देने के भी निर्देश दिये गये है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


### नीट में प्रथम प्रयास में श्रद्धा बिसेन की शानदार सफलता

# जग प्रेरणा से कैलाश कसार सोनी की विशेष चर्चा में श्रद्धा बिसेन ने साझा की सफलता की कहानी..

## 24 हजार ऑल इंडिया रैंक हासिल कर सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश अधिवक्ता संघ ने बार रूम में किया सम्मान





कैलाश कसार जगप्रेरणा वारासिवनी।

***चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य बनाने का सपना लेकर मेहनत कर रही प्रतिभाशाली छात्रा श्रद्धा बिसेन, सुपुत्री अधिवक्ता आनंद बिसेन, ने नीट परीक्षा में प्रथम प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर परिवार, अधिवक्ता समुदाय एवं क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।***

श्रद्धा ने 545 अंक प्राप्त कर 24 हजार ऑल इंडिया रैंक हासिल की तथा सरकारी मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में वारासिवनी अधिवक्ता संघ द्वारा बार रूम में गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित कर श्रद्धा को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

जग प्रेरणा से चर्चा के दौरान श्रद्धा बिसेन ने अपनी सफलता की तैयारी, अध्ययन की रणनीति, समय प्रबंधन, री-नीट के अनुभव और भविष्य के लक्ष्यों को लेकर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन, सही मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग को दिया।

श्रद्धा ने बताया कि रिजल्ट आने के समय उनकी मां उनके साथ थीं। उन्हें पहले से उम्मीद थी कि उनका चयन हो जाएगा, लेकिन परिणाम सामने आने और अपेक्षा से बेहतर रैंक मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल बन गया।

### 12 से 14 घंटे की पढ़ाई और अनुशासित दिनचर्या

श्रद्धा के अनुसार वे स्कूल के समय सहित प्रतिदिन लगभग 12 से 14 घंटे पढ़ाई करती थीं। वे करीब छह घंटे की नींद लेती थीं और अपनी दिनचर्या को इस प्रकार व्यवस्थित रखती थीं कि पढ़ाई के साथ अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए भी समय मिल सके। 12वीं बोर्ड परीक्षा के साथ हृश्वश्वञ्ज की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन निरंतरता, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से उन्होंने दोनों को संतुलित किया।

### बायोलॉजी में 350 अंक, एनसीईआरटी को बनाया आधार

श्रद्धा ने बायोलॉजी में 360 में से 350 अंक हासिल किए। उन्होंने बताया कि बायोलॉजी की तैयारी के लिए उन्होंने मुख्य रूप से हृष्टश्वत्रञ्ज का गहन अध्ययन किया और लगातार रिवीजन किया। केमिस्ट्री में भी हृष्टश्वत्रञ्ज को तैयारी का महत्वपूर्ण आधार बनाया, जबकि फिजिक्स में विभिन्न प्रकार के प्रश्नों की लगातार प्रैक्टिस तथा क्लास नोट्स पर विशेष ध्यान दिया।

### री-नीट की चुनौती को लिया सकारात्मक रूप से

री-नीट के अनुभव को साझा करते हुए श्रद्धा ने बताया कि पहली परीक्षा निरस्त होने के बाद दोबारा परीक्षा देना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने परिस्थितियों से घबराने के बजाय इसे सकारात्मक रूप से लिया। उनका मानना है कि कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना और अपनी तैयारी पर विश्वास रखना सफलता के लिए आवश्यक है।

### मोबाइल से दूरी और निरंतर अभ्यास सफलता का मंत्र

नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संदेश देते हुए श्रद्धा ने कहा कि मोबाइल सबसे बड़ा डिस्ट्रैक्शन बन सकता है। तैयारी के दौरान मोबाइल से दूरी बनाए रखने से उन्हें पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित करने में मदद मिली। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि मॉक टेस्ट में कम अंक आने या कठिन दौर से गुजरने पर निराश होकर तैयारी न छोड़ें। दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए।

### वारासिवनी में हुई प्रारंभिक शिक्षा

श्रद्धा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा वारासिवनी में प्राप्त की। उन्होंने कक्षा 10वीं में छ्वक्रस्श्व बोर्ड से 96 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके बाद बुरहानपुर में रहकर हृश्वश्वञ्ज की तैयारी की और प्रथम प्रयास में ही उल्लेखनीय सफलता अर्जित की।

### एमबीबीएस के बाद एमडी और यूपीएससी का लक्ष्य

श्रद्धा का सपना बचपन से ही डॉक्टर बनने का रहा है। वे एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद एमडी करना चाहती हैं। इसके साथ ही उनका दीर्घकालीन लक्ष्य यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर उच्च प्रशासनिक सेवाओं में जाना है।श्रद्धा चिकित्सा को केवल रोजगार या आय का माध्यम नहीं, बल्कि मानव सेवा का अवसर मानती हैं। लोगों का उपचार करना और जरूरतमंदों की सेवा करना उनके लिए विशेष महत्व रखता है।

### अधिवक्ता संघ ने किया गरिमामय सम्मान

श्रद्धा की उपलब्धि के उपलक्ष्य में वारासिवनी अधिवक्ता संघ द्वारा बार रूम में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धा को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश कमलेश मीणा, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय राज ठाकुर, अतिरिक्त न्यायाधीश (प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय) श्रीमती कविता इवनाती, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्रीमती दिव्या सिंह, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड ऋषभ डोनेल सिंह, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्रीमती नेहा बाथरी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड नयन जैन एवं तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड श्रीमती अंकिता जैन सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्ता, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने दी शुभकामनाएं

समारोह में सभी न्यायिक अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने श्रद्धा बिसेन को उनकी सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय राज ठाकुर ने श्रद्धा को बधाई देते हुए कहा कि प्रथम प्रयास में हृश्वश्वञ्ज जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षा में सफलता हासिल करना उनकी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने श्रद्धा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी लगन और समर्पण के साथ आगे बढ़ें तथा परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करें।

वरिष्ठ अधिवक्ता विलास मिश्रा ने श्रद्धा को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। वरिष्ठ अधिवक्ता आईडी टेमरे, राजेंद्रकोहाड़ ,जाकिर हुसैन, स्वप्निल डोंगरे, प्रमेश पाठक सहित अन्य अधिवक्ताओं ने श्रद्धा को गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। सभी ने श्रद्धा की सफलता की सराहना करते हुए चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की कामना की।

### उपलब्धियों के सम्मान की रही स्वस्थ परंपरा

अधिवक्ता आनंद बिसेन ने अधिवक्ता संघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वारासिवनी अधिवक्ता संघ में सदस्यों एवं उनके परिवारों की शैक्षणिक, व्यावसायिक तथा सामाजिक उपलब्धियों को सम्मानित करने की स्वस्थ एवं प्रेरणादायी परंपरा रही है। ऐसी परंपरा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने बताया कि अधिवक्ता छोटू देशमुख के भतीजे राहुल देशमुख के क्क्रस्ष्ट में सफलता प्राप्त कर भोपाल में ष्ठस्क्क बनने पर संघ द्वारा उनका सम्मान किया गया था। इसी प्रकार बालाघाट के अधिवक्ता अब्दुल गड्डू कुरैशी की सुपुत्री फरखंदा खान के क्क्रस्ष्ट में सफल होकर ढ्डस् बनने पर भी सम्मान किया गया। संघ के पंजीकृत सदस्य विवेक पटेल के विधायक निर्वाचित होने पर भी अधिवक्ता संघ द्वारा उनका सम्मान किया गया था।

### नेशनल लोक अदालत की तैयारियों पर भी हुई चर्चा

इसी अवसर पर तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं अतिरिक्त न्यायाधीश (प्रथम जिला एवं सत्र न्यायालय) श्रीमती कविता इवनाती की अध्यक्षता में आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिवक्ताओं के साथ प्री-सिटिंग बैठक भी संपन्न हुई।बैठक में आगामी लोक अदालत को सफल बनाने तथा न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किए जाने को लेकर आवश्यक चर्चा की गई।

### पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का रहा महत्वपूर्ण सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार नगपुरे, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना बनोटे, सचिव अभिजीत शुक्ला, सहसचिव शैलेष पाठक, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनामिका शुक्ला एवं ग्रंथपाल संदेश इंदुरकर कार्यकारिणी सदस्य रितेश कुमार शुक्ला, मनोज कुमार दमाहे, महेन्द्र नगपुरे, शिशुपाल पारधी, मुकेश पटले, कचरूलाल पंचतिलक, अजय कुमार डहाके, श्रीमती भुवनेश्वरी सोनकुसरे, श्रीमती रीना मरार एवं सुश्री मनीषा जायसवाल सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

समारोह के अंत में सभी न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं तथा न्यायिक कर्मचारियों ने श्रद्धा बिसेन को पुनः शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## सांदीपनि विद्यालय वारासिवनी में पदस्थ शिक्षिका डॉ प्रिया शर्मा व्यास शिखर सम्मान व 'साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित




जगप्रेरणा वारासिवनी।

***मेंघदूत साहित्यिक संस्था के द्वारा चतुर्थ वार्षिक उत्सव 'मेघ मल्हार' का आयोजन कुरुक्षेत्र में किया गया। जिसमें काव्य-कुरुक्षेत्र महाकुम्भ में देश के 21 राज्यों के साहित्यकारों ने भाग लिया।***

संस्था के अध्यक्ष डॉ रमेशचन्द्र विनोदी, संस्था प्रबंधक श्रीमती रीना धीमान व आयोजन प्रभारी अरुण कुमार 'अरुण ' जी द्वारा डॉ प्रिया शर्मा 'शब्दिता' जी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए व्यास शिखर सम्मान व साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया।

तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिए जा रहे अमूल्य योगदान की भी सराहना भी की। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार आदरणीय अमरनाथ अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि श्री सत्य भूषण जी,श्रीमती गायत्री कौशल जी व डॉ दीपक कौशिक सहित अन्य वरिष्ट साहित्यकार आदरणीय महेश बिसोरिया, डॉ करुणा अथैया, शिखा बाहेती, अबरार अंसारी, सुनीता कोगटा जागोटिया ने अपनी उपस्थिति दी।

## एकीकृत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मझगांव में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

### 7 प्राचार्य श्री शोएब खान एवं समस्त स्टॉफएवं ग्रामीण जन रहे उपस्थित

**जगप्रेरणा मझगांव।**

एकीकृत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मझगांव में आज दिनांक 15,08,2026 को बड़े हर्ष उल्लास से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को सजाया गया और देशभक्ति के माहौल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री शोएब खान द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ सभी ने तिरेंगे को सलामी दी। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसने प्राचार्य श्री शोएब खान ने अपने उद्‌बोधन में स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखते हुए देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर समस्त स्टॉफसदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल एवं कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण के साथ राष्ट्रगान हुआ ।


क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*


### ग्राम पंचायत गढ़ी में सद्भावना दिवस का आयोजन

# सामूहिक सद्भावना संकल्प के साथ उत्कृष्ट पंचों, कृषक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान..

अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***ग्राम पंचायत गढ़ी में सद्भावना दिवस के अवसर पर गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीणजनों ने सहभागिता की।***






इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक सद्भावना संकल्प लेकर आपसी प्रेम, भाईचारा, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द बनाए रखने तथा ग्राम के समग्र विकास में मिल-जुलकर योगदान देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष रणजीत सिंह बैस ने अपने उद्बोधन में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी के देश निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने भारत में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति को गति देने, भारतीय सेना के आधुनिकीकरण, पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने तथा युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार दिलाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की।

उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच ने भारत को आधुनिक तकनीक की ओर अग्रसर किया तथा युवाओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का अवसर दिया। पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की उनकी सोच ने लोकतंत्र को गांवों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान..

सद्भावना दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाली महिला पंचों श्रीमती उर्मिला रंधवे, श्रीमती रोशनी परवार एवं श्रीमती सुनीता पटेल को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य एवं प्रगतिशील सोच के लिए प्रगतिशील कृषक हेमंत शांडिल्य को भी सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती चन्द्रकांता भौतेकर को सामाजिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों, जनसेवा तथा समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के हित में किए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उनके सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में समर्पित सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### तमोहर फाउंडेशन को जनसेवा के लिए सम्मान..

कार्यक्रम में तमोहर फाउंडेशन को जनहित में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा जल गुणवत्ता परीक्षण, आयुष्मान योजना के प्रति जागरूकता तथा स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य विजय धुर्वे, उपसरपंच प्रतापसिंह करायत, पीसीओ प्रताप सिंह उइके, सचिव इतवारी धुर्वे, ग्राम पंचायत के पंचगण, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष विमल पाटिल, जिला महामंत्री तरुण सोनवानी, दशरथ धारवैय्या सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक गणेश टांडे, ब्रजेन्द्र रंधवे, पुष्पेंद्र रंधवे, कवितराम शिवजे, श्यामानन्द शांडिल्य, श्रीमती पुष्पा यादव एवं श्रीमती धनोता मरकाम सहित अनेक वरिष्ठ एवं सम्माननीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूर्व सरपंच हीरा सिंह धुर्वे एवं कोमल शांडिल्य तमोहर फाउंडेशन के सचिव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता और सद्भावना के संदेश के साथ हुआ। उपस्थित नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे ग्राम में भाईचारा, सामाजिक समरसता, स्वास्थ्य जागरूकता, स्वच्छता एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सहयोग करेंगे। 'सद्भावना, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी से ही सशक्त, स्वस्थ एवं विकसित ग्राम का निर्माण संभव है।'

# कावड़ियों का उत्साहवर्द्धन करने पहुँची जिपं. सभापति केसर बिसेन

### बनेरा के श्रीराम मंदिर से निकली भव्य कांवड़ यात्रा

जगप्रेरणा कटंगी।

***पवित्र सावन माह में रविवार को बनेरा गांव में श्रद्धा और भक्ति का माहौल दिखाई दिया। गांव के श्रीराम मंदिर से भसीयागढ़ महादेव खोली तक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई।***



यात्रा में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कांवड़ियों के 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। कांवड़ यात्रा की शुरुआत रविवार सुबह श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कांवड़ में जल भरकर पैदल यात्रा प्रारंभ की।

डीजे की धुन और भक्ति गीतों के बीच कांवड़िये भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए भसियागढ़ महादेव खोली पहुंचे। यहां विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। कांवड़ यात्रा में क्षेत्र की जिला पंचायत सभापति केसर बिसेन भी शामिल हुईं। श्रीमती बिसेन कांधे पर कावड़ लेकर कावड़ियों के साथ चली। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धार्मिक यात्राएं समाज में आपसी भाईचारे, एकता और आस्था को मजबूत करने का कार्य करती हैं। उन्होंने यात्रा के आयोजन में सहयोग करने वाले आयोजकों और ग्रामवासियों की सराहना की।

### जगह-जगह ग्रामीणों ने किया स्वागत

कांवड़ यात्रा के मार्ग में ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाते हुए जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ग्रामीणों की ओर से कांवड़ियों के लिए शरबत, पेयजल और जलपान की व्यवस्था भी की गई। श्रद्धालुओं के स्वागत और सेवा के लिए ग्रामीणों में खासा उत्साह दिखाई दिया।

### युवाओं ने संभाली व्यवस्था

यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में गांव के युवाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। युवाओं ने श्रद्धालुओं के आवागमन को व्यवस्थित करने के साथ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग किया। पूरे मार्ग में शिवभक्ति का माहौल बना रहा और श्रद्धालु उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। कांवड़ यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। धार्मिक उत्साह और आपसी भाईचारे के वातावरण में यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

5 शुक्रवार 21 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कुम्हारीकला में अखंड रामायण पाठ से शिक्षा, स्वास्थ,स्वच्छता का संदेश, ग्राम विकास व एकता बनाए रखने ग्रामीणों ने लिया संकल्प

जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम कुम्हारीकला में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफफाउंडेशन के सहयोग से आयोजित अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का 19 अगस्त को शुभारंभ होकर 20 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ।***

धार्मिक आयोजन के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न सेवा गतिविधियां भी आयोजित की गईं।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद नगर कीर्तन एवं राम यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने घरों के सामने दीप सजाकर, पूजा की थाली से भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। बैंड-बाजे और भजनों के साथ निकली राम यात्रा में ग्रामीणों का उत्साह और श्रद्धा देखते ही बनता था।

## राम मानस पाठ कलश यात्रा का नगर भ्रमण

गांव में दुर्गा मंदिर कुम्हारीकला में अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ कलश यात्रा प्रारम्भ किया गया और गांव का भ्रमण किया यात्रा में बेटियों ने कलश यात्रा में रामायण का जगह जगह लोगो ने पूजा की थाली लेकर रंगोली घरों के सामने बना कर स्वागत किया। लोगो अपनी इच्छा शक्ति अनुसार अन्न दान किया , पैसा दान किया ,यात्रा मानस पाठ स्थल पहुंचकर समाप्त हुई।और अखण्ड श्री राम चरित मानस पाठ का शुभारभ हुआ।

## जैविक खेती : स्वस्थ मिट्टी, स्वस्थ जीवन और समृद्ध किसान

आज के समय में जैविक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता, जल स्रोतों और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में जैविक खेती किसानों के लिए टिकाऊ और लाभकारी विकल्प बनकर सामने आई है।

जैविक खेती में गोबर की खाद, वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खाद, जीवामृत, घनजीवामृत तथा प्राकृतिक कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। इससे मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता बनी रहती है तथा फसलों में रासायनिक अवशेषों की संभावना कम होती है। जैविक खेती से उत्पादित अनाज, फल और सब्जियां स्वास्थ्य के लिए अधिक सुरक्षित माने जाते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा – उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव

ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में बच्चों की शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षा केवल पढ़ना-लिखना सिखाने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, संस्कार, सोचने-समझने की क्षमता और अपने भविष्य के प्रति जागरूकता पैदा करने का आधार है। गांव का प्रत्येक बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त करे, यही मजबूत और समृद्ध समाज की पहचान है

## शिक्षा से तैयार होगा नया समाज

बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन, ईमानदारी, मेहनत, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की सीख देना भी आवश्यक है। परिवार, शिक्षक और समाज मिलकर बच्चों को अच्छे संस्कार प्रदान करें तो वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बन सकते हैं।

## पौधारोपण अभियान – हरियाली से समृद्ध और स्वस्थ गांव की ओर एक कदम

÷एक पौधा लगाएं, प्रकृति बचाएं – स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन अपनाएं।÷ पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पौधारोपण अभियान कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।









कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। लोगों को बताया गया कि पौधा लगाना केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और सुरक्षा करना भी उतनी ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

## स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र जांच शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों को मिला लाभ

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बच्चों, महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य एवं नेत्र संबंधी जांच का लाभ लिया।

इसमें केयर हॉस्पिटल गोंदिया की टीम ने स्वास्थ्य शिविर में 214 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। चिकित्सकीय परामर्श के साथ ग्रामीणों को बीमारी से बचाव, संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर में 185 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 55 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। चिन्हित मरीजों को नियमानुसार निःशुल्क ऑपरेशन एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## हवन-यज्ञ और गौ माता पूजन

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के दौरान हवन-यज्ञ का आयोजन कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। गौ माता का पूजन कर गौ संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। की ओर से नेत्र संबंधी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।

## प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान – स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन का संदेश

÷प्लास्टिक हटाएं, प्रकृति बचाएं – स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत बनाएं।÷

प्लास्टिक आज हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया है, लेकिन इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे के रूप में लंबे समय तक बना रहता है और मिट्टी, जलस्रोतों तथा जीव-जंतुओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। ऐसे में प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में जनजागरूकता और सामूहिक भागीदारी बेहद जरूरी है।

## योग से स्वस्थ जीवन का संदेश

कार्यक्रम के दौरान योग शिविर का भी आयोजन किया गया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को योग और प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजकों ने कहा कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक सोच के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों ने दिया समाज संदेश

कार्यक्रम में ग्रामीण बच्चों को शिक्षा, अनुशासन, संस्कार एवं नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रम प्रस्तुत कर सामाजिक संदेश दिए। वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, संस्कार, सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देता है। धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण एवं जीव संरक्षण का संदेश दिया गया।

## महिलाओं ने हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम से दिया संस्कार और समरसता का संदेश

महिला मंडल द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए परिवार में प्रेम, सहयोग, संस्कार एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में परिवार की सुख-समृद्धि एवं समाज में आपसी भाईचारे की कामना की गई।

## दिव्यांगजनों के लिए जयपुर फुट एवं आर्टिफिशियल हैंड सेवा

ग्रामीण क्षेत्रों में दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से हाथ-पैर गंवा चुके जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर उपलब्ध कराने की पहल भी की जा रही है।

## अध्यात्म के साथ शिक्षा, सेवा का संदेश

कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि धार्मिक आयोजनों को समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति एवं संस्कार निर्माण जैसे कार्यों से जोड़कर समाज के सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। आयोजकों ने कहा कि ÷मानवता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है।÷ इसी भावना के साथ सावन माह में 30 गांवों में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## कार्यक्रम ग्राम कुम्हारीकला मे उपस्थित सर्वश्री गणमान्य सहयोगी

विनय कुमार कालबेले, अंचल कालबेले, टोमेश्वर बापुरे, रेवाराम कालबेले, प्रकाश बल्लारखेड़े, तीर्थ कुमार धनवले, सुरेंद्र बल्लारखेड़े, रामकुमार कालबेले, रमेश धनवले, रवि धनवले, सोनू कुण्डलिया, सुनील कुण्डलिया, सोनू कालबेले, सुरेंद्र बिल्लारे, अभय बिल्लारे, संजय कालबेले, राजू कालबेले, शिव सिरसे, शैलेन्द्र कालबेले प्रशांत कालबेले, संतोष कौशल भुरू चौधरी, लखनलाल कामड़े, आयुष कालबेले रमेश मंसूरे, राकेश पंधरे, सीताराम महिश्वरे, छन्नूलाल महिश्वरे, सुशील कालबेले, गणेश कालबेले आशीष कालबेले, दुलीचंद ढ़ोंगे, फूलचंद मिसारे, किलोर ढ़ोंगे!

## ग्राम पालडोंगरी में भी अखण्ड पाठ का शुभारंभ

इसी क्रम में ग्राम पालडोंगरी में 20 अगस्त 2026 को स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 21 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की।

# मोवाड़ ग्राम सभा में चप्पल कांड, सरपंच का वीडियो वायरल; कलेक्टर से शिकायत की तैयारी

जगप्रेरणा खैरलांजी।

***जनपद पंचायत खैरलांजी की ग्राम पंचायत मोवाड़ में 18 अगस्त को आयोजित ग्राम सभा उस समय हंगामे में बदल गई, जब पंचायत के कामकाज को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए।***





आरोप है कि सवालों से नाराज होकर सरपंच वर्षा पति होलूराम कहालकर ने पहले ग्रामीणों की ओर उंगली दिखाई और इसके बाद पैर से चप्पल उठाकर हाथ में लेते हुए ग्रामीणों की ओर इशारा किया। इस घटनाक्रम का वीडियो 19 अगस्त की सुबह से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम सभा में सरपंच, उपसरपंच, सचिव, पंच, जनपद पंचायत के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने सरपंच से पंचायत के कामकाज को लेकर सवाल करते हुए कहा कि सवालों का जवाब सरपंच स्वयं देंगी, उनके पति नहीं। ग्रामीणों ने पंचायत के कार्यों में सरपंच पति होलूराम कहालकर की कथित भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए।

बताया जा रहा है कि इसी बात पर सरपंच वर्षा कहालकर आवेश में आ गईं। वायरल वीडियो में वह पहले सवाल पूछने वाले ग्रामीणों की ओर उंगली करती और फिर चप्पल उठाकर उनकी ओर इशारा करती नजर आ रही हैं। इसके बाद ग्राम सभा का माहौल गरमा गया और हंगामे की स्थिति बन गई। ग्रामीणों ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए इसे ग्राम सभा की गरिमा एवं मर्यादा के विपरीत बताया। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा में सवाल पूछना उनका अधिकार है और पंचायत की निर्वाचित सरपंच को सवालों का जवाब देना चाहिए। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया कि महिला सरपंच होने के बावजूद पंचायत के कामकाज में उनके पति का कथित हस्तक्षेप क्यों हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक, घटना के बाद ग्राम सभा में ही आवेदन तैयार कर मौजूद लोगों के हस्ताक्षर लिए गए हैं। अब जिला कलेक्टर कुमार सत्यम को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच की मांग की जाएगी।

वहीं सरपंच पति होलूराम कहालकर ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कुछ ग्रामीण उंगली उठाकर अभद्र भाषा में बात कर रहे थे। उनका आरोप है कि कुछ लोग ग्राम सभा की टेबल पर आकर उसे ठोक रहे थे और सरपंच को लगातार उकसाने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान माहौल बिगड़ने पर आवेश में चप्पल उठाने की स्थिति बनी।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मोवाड़ ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में हुए इस कथित 'चप्पल कांड' को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।




# गुजरात के भावनगर में जहरीली शराब का मामला: मृतक संख्या बढ़कर आठ हुई, 39 लोग अस्पताल में भर्ती..

भावनगर (गुजरात), (भाषा)।

***गुजरात के भावनगर जिले में जहरीली शराब के सेवन से मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है जबकि 39 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मामले में अब तक 13 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें 31 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।***

उप मंडल मजिस्ट्रेट अक्षर व्यास ने कहा, ÷जहरीली शराब मामले में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है, जबकि 39 लोगों का शहर के सरकारी सर टी अस्पताल और अन्य निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है।÷

गुजरात एक शराब-मुक्त राज्य है जहां शराब के उत्पादन, बिक्री और उसके सेवन पर पाबंदी है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ितों ने इंडियन मेड फॉरेन लीकर (आईएमएफएल) नामक मशहूर ब्रांड की 'नकली' बोतलों में भरी गई जहरीली शराब का सेवन किया था। राज्य निगरानी प्रकोष्ठ (एसएमसी) के पुलिस अधीक्षक मयूरसिंह चावड़ा ने संवाददाताओं को बताया कि जहरीली शराब मामले के ÷मुख्य आरोपी÷ माने जा रहे रईस को मध्य प्रदेश के उज्जैन से हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

इस मामले की जांच एसएमसी को सौंप दी गई है।

उन्होंने बताया कि आरोपियों में से एक, मध्य प्रदेश के रहने वाले नरेंद्र यादव की मौत उसी नकली शराब को पीने से हो गई, जिसे बनाने में वह शामिल था।

चावड़ा ने बताया कि यह मामला तब सामने आया जब वरतेज थाना क्षेत्र के खरकड़ी गांव में एक व्यक्ति की जहरीले रसायनयुक्त शराब पीने से मौत हो गई। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसमें 21 लोगों को आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों के रक्त नमूनों की जांच में मेथनॉल की मौजूदगी पाई गई है। यह वही रसायन है, जिसे एथनॉल और अन्य रसायनों के साथ मिलाकर जहरीली शराब बनाई जाती थी। यह शराब गिरफ्तार आरोपी गौतम सोलंकी के घर पर तैयार की गई थी।

चावड़ा ने कहा, ÷जहरीली शराब भावनगर में सोलंकी के घर पर बनाई गई थी। इसके लिए कच्चा माल अन्य स्थानों से भावनगर लाया गया था। एक अन्य आरोपी नरेंद्र यादव एक-दो दिन के लिए मध्य प्रदेश से आया था और शराब बनाने की प्रक्रिया में शामिल था। उसने सबसे पहले इस जहरीली शराब का सेवन किया था और पीने के बाद उसकी मौत हो गई।÷

उनके अनुसार, एसएमसी की टीमें मध्य प्रदेश और दिल्ली भी भेजी गई हैं, जहां से गुजरात को कच्चे माल की आपूर्ति किए जाने की संभावना थी।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## नीरज चोपड़ा का लुसाने डायमंड लीग में होगा पथिरागे से सामना, फाइनल में जगह बनाने की रहेगी चुनौती..

डेस्क जगप्रेरणा।

*डायमंड लीग का अगला चरण जो सभी एथलीटों के लिए काफी अहम रहने वाला है वह लुसाने में आयोजित किया जा रहा है। लुसाने डायमंड लीग 2026 में भारतीय फैंस की नजरें सबसे ज्यादा स्टार जैवलिन थ्रो एथलीट नीरज चोपड़ा को लेकर रहने वाली हैं,*



जो 21 अगस्त की रात एक्शन में दिखाई देंगे। नीरज चोपड़ा ने हाल में हुए ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल को अपने नाम किया था, जिसमें श्रीलंका के रुमेश पथिरागे गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हुए थे। वहीं अब एकबार फिर से नीरज का सामना रुमेश से होने जा रहा है और इस मुकाबले को लेकर फैंस के बीच में काफी दिलचस्पी देखने को मिल रही है।

### नीरज चोपड़ा की नजरें फाइनल के लिए अपनी जगह पक्की करने पर..

लुसाने डायमंड लीग का चरण नीरज चोपड़ा के लिए फाइनल में अपनी जगह पक्की करने के लिए काफी अहम रहने वाला है। नीरज चोपड़ा अभी फिलहाल छह अंकों के साथ 7वीं पोजीशन पर हैं। वहीं रैंकिंग में टॉप-6 में रहने वाले खिलाड़ी चार और पांच सितंबर को ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का करेंगे। श्रीलंकाई एथलीट रुमेश पथिरागे पहले ही डायमंड लीग फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। पथिरागे का इस सीजन काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है जिसमें उन्होंने 9 इवेंट में हिस्सा लिया है और उसमें से 8 को जीतने में कामयाब रहे हैं। वहीं नीरज चोपड़ा ने बैक इंजरी से उबरने के बाद वापसी की जिसमें वह कई अहम इवेंट का हिस्सा नहीं थे।

### पाकिस्तानी अरशद नदीम ने पहले ही अपना नाम ले लिया वापस..

नीरज चोपड़ा और रुमेश पथिरागे जहां लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा लेने जा रहे हैं तो वहीं कॉमनवेल्थ गेम्स में जैवलिन थ्रो के फाइनल इवेंट में 9वीं पोजीशन पर खत्म करने वाले अरशद नदीम ने पहले ही अपना नाम वापस ले लिया है जिसमें

वह जापान में होने वाले एशियन गेम्स की तैयारियों के लिए साउथ अफ्रीका में ट्रेनिंग कर रहे हैं। अरशद के अलावा जर्मनी के यूरोपीय चैंपियन जूलियन वेबर भी लुसाने डायमंड लीग में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद नीरज के लिए चुनौती आसान नहीं होगी जिसमें त्रिनिदाद और टोबैगो के मौजूदा विश्व चैंपियन केशोर्न वालकॉट और ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स से उनकी कड़ी चुनौती मिलने वाली है।

## भारतीय हॉकी टीम के लिए विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह नहीं आसान, हर मैच करो या मरो की स्थिति वाला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में खेले जा रहे हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय पुरुष टीम ने पूल-डी के अपने आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान को 5-3 के अंतर से मात देने में कामयाब रही।*



इसके दम पर भारतीय टीम ने विश्व कप के टॉप-8 में अपनी जगह पक्की कर ली है, जिसमें अगले राउंड में उसे पूल-श्च में जगह मिली है। इसमें भारतीय टीम के अलावा इंग्लैंड और पूल-ए में टॉप-2 पर रहने वाली मेजबान नीदरलैंड और अर्जेंटीना की टीम भी शामिल है। टीम इंडिया को इस राउंड में नीदरलैंड और अर्जेंटीना के खिलाफ ही मुकाबला खेलना है

जबकि इंग्लैंड से उसका मैच नहीं होगा जिसके पीछे विश्व कप का नया फॉर्मेट बड़ी वजह है और इसी के चलते भारतीय हॉकी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जहां अपने दोनों मुकाबलों में जीत हासिल करनी है तो वहीं दूसरे मैचों के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा।

### इंग्लैंड से हार के चलते मुश्किल हुई टीम इंडिया की सेमीफाइनल राह..

भारतीय टीम को पूल-डी में इंग्लैंड के खिलाफ हुए मैच में 4-2 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। इसके चलते भारतीय टीम ने दूसरे नंबर पर रहते हुए पूल-डी में खत्म किया। अब इंग्लैंड को इस जीत का फायदा अगले राउंड में मिलेगा जिसमें वह 3 अंकों के साथ आगे जाएगी तो वहीं भारतीय टीम के पास कोई अंक नहीं होगा।

विश्व कप के नए फॉर्मेट में टॉप-8 में शामिल टीमें अपने पूल से आने वाली टीम के खिलाफ हुए पहले राउंड के मुकाबले के परिणाम में मिले अंक को आगे लेकर जाएंगी लेकिन उनका मैच अगले राउंड में नहीं होगा। पूल-ए से आने वाली नीदरलैंड की टीम भी अगले राउंड तीन अंकों के साथ आएगी,

जबकि अर्जेंटीना के पास कोई अंक नहीं होगा। ऐसे में भारतीय टीम को जहां इन दोनों टीमों के खिलाफ होने वाले मुकाबले में जीत हासिल करनी होगी तो वहीं उनको दूसरे मैचों के परिणाम पर भी अपने नजरें रखने होंगी।

### नीदरलैंड से हो सकती है अगले राउंड में पहली भिड़ंत..

हॉकी विश्व कप में पूल-श्च में भारत के अलावा इंग्लैंड, नीदरलैंड और अर्जेंटीना की टीम है। ऐसे में भारतीय टीम को अपना अगला मैच अब 22 अगस्त को पूल-ए में टॉप पर खत्म करने वाली नीदरलैंड या अर्जेंटीना में से किसी टीम के खिलाफ खेलना है जो एम्स्टेलवीन के वेगेनर स्टेडियम में खेला जाएगा और यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर शुरू होगा जिसमें सभी की नजरें रहने वाली हैं।

## कोलंबो में दूसरे टेस्ट के लिए संतुलित पिच तैयार होने की उम्मीद..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारतीय बल्लेबाजों की स्पिन के खिलाफ परेशानी का फायदा उठाने के लिए भले ही धूल भरी पिच तैयार करने का लालच हो लेकिन यहां दूसरे टेस्ट के लिए सिन्हलीज स्पोर्ट्स क्लब (एसएससी) का विकेट गॉल की पिच जैसा हो सकता है जहां बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को बराबर मौके मिले थे।*



पहला टेस्ट भारत ने पांचवें और अंतिम दिन 165 रन से जीता था। इस दौरान पिच पर प्राकृतिक टूट-फूट के अलावा ऐसी कोई विशेष परेशानी नहीं थी जिससे बल्लेबाजों के लिए मुश्किल पैदा हो। श्रीलंकाई अधिकारियों का मानना है कि 23 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए जरूरत से ज्यादा स्पिन की मददगार पिच तैयार करना उलटा पड़ सकता है।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, 'फिलहाल सोच यही है कि गॉल जैसी संतुलित पिच तैयार की जाए। श्रीलंका के पास चांडी (दिनेश चांदीमल), कुसाल (मेंडिस) और (पथुम) निसांका जैसे कुछ अनुभवी खिलाड़ी भी नहीं हैं इसलिए हमें अपने युवा बल्लेबाजों को भी मौका देना होगा।'

उन्होंने कहा, 'बेशक अंत में यह इस बात पर निर्भर करेगा कि टीम मैच के लिए क्या चाहती है, यानी ऐसा विकेट जो उसे जीतने और श्रृंखला बराबर करने का सबसे अच्छा मौका दे।' वर्ष 2000 के दशक में एसएससी की पिचों पर बल्लेबाजों का दबदबा रहता था और यह मैदान घरेलू टीम का एक तरह का गढ़ माना जाता था। श्रीलंका ने 1999 से 2009 के बीच इस मैदान पर 12 टेस्ट खेले, जिनमें से छह में जीत दर्ज की और बाकी छह मुकाबले ड्रॉ रहे। रणनीति सरल थी। कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने जैसे बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलते थे जबकि महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की अगुआई में सक्षम स्पिन आक्रमण विपक्षी टीम पर शिकंजा कसता था। लेकिन इन दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद पिच का मिजाज भी बदल गया। अगले दशक में श्रीलंका इस मैदान पर खेले गए सात टेस्ट में सिर्फतीन जीत सका और चार में उसे हार का सामना करना पड़ा।

दरअसल दो बार भारत और पाकिस्तान के खिलाफ उसे पहली पारी में 400 से अधिक रन की बढ़त गंवानी पड़ी। श्रीलंका ने दक्षिण अफ्रीका (2018), ऑस्ट्रेलिया (2016) और बांग्लादेश (2025) जैसी टीमों के खिलाफ जीत दर्ज की, जिन्होंने इन मुकाबलों में खराब क्रिकेट खेला था।

लेकिन दिग्गज खिलाड़ियों के दौर के बाद भारत (दो बार), इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसी टीमों को इस मैदान पर मेजबान टीम के खिलाफ आसानी से रन बनाने का मौका मिला। दूसरे टेस्ट में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल सकता है और ऐसे में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम फायदे की स्थिति में रह सकती है।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200


## लंबी दाढ़ी और घनी जटाएं, अब असुर गुरु 'शुक्राचार्य' बन छाए अक्षय खन्ना, बताया कब उठेगा 'महाकाली' से पर्दा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड अभिनेता अक्षय खन्ना इन दिनों अपने करियर के एक बेहतरीन और सुनहरे दौर से गुजर रहे हैं। 'दृश्यम 2', 'छावा', 'धुरंधर' और 'इक्का' जैसी सफल फिल्मों की श्रृंखला के बाद अब वह दर्शकों के सामने एक बिल्कुल नए और अप्रत्याशित अवतार में आने की तैयारी कर रहे हैं।*



पौराणिक कथाओं पर आधारित आगामी तेलुगु फिल्म 'महाकाली' के साथ अक्षय खन्ना अपना तेलुगु सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमयी पोस्ट शेयर करते हुए घोषणा की है कि इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट की पहली आधिकारिक झलक 24 अगस्त को दर्शकों के सामने पेश की जाएगी।

### सोशल मीडिया पोस्ट ने बढ़ाई उत्सुकता, सामने आया रहस्यमयी लुक..

फिल्म 'महाकाली' को लेकर सिनेप्रेमियों के बीच माहौल तब गरमा गया जब निर्देशक प्रशांत वर्मा और आरकेडी स्टूडियोज ने एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में लिखा था, '24 अगस्त - द एंड बिगिन्स'।

इस संदेश के साथ ही पौराणिक पात्र 'शुक्राचार्य' के रूप में अक्षय खन्ना का पहला लुक सामने आते ही इंटरनेट पर सनसनी फैल गई। फिल्म में अक्षय खन्ना असुरों के महान गुरु और शक्तिशाली विद्वान शुक्राचार्य का किरदार निभा रहे हैं। यह भूमिका उनके द्वारा अब तक निभाए गए तमाम किरदारों से पूरी तरह अलग और चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है।

### लॉन्ग बियर्ड और भस्म के साथ पहचानना हुआ मुश्किल..

सामने आई तस्वीरों में अक्षय खन्ना को पहचानना लगभग असंभव लग रहा है। चरित्र की मांग के अनुसार उन्होंने लंबी दाढ़ी रखी है और उनके उलझे हुए बालों को सिर के ऊपर एक ऊंचे जूड़े में बांधा गया है। माथे पर त्रिपुंड व विशाल तिलक की आकृतियां और पारंपरिक आभूषण उनके इस रूप को और भी अधिक खौफ्नाक और प्रभावशाली बनाते हैं। उनके वस्त्र और प्राचीन आभूषणों का चुनाव इस पौराणिक अवतार को एक गहरा व निष्ठुर स्पर्श देता है, जिससे उनके चरित्र का दबदबा स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता है।

### अक्षय के इस कायापलट को देखकर फैंस में जगा जबरदस्त उत्साह..

अक्षय खन्ना के इस शारीरिक बदलाव और अनोखे गेटअप ने फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता पैदा कर दी है। सोशल मीडिया पर प्रशंसकों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि यह अक्षय खन्ना के करियर का सबसे बेहतरीन दौर चल रहा है।

वहीं एक अन्य यूजर ने कहा कि वे इस महागाथा में उनके अभिनय को देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते। इससे पहले मार्च 2026 में निर्देशक प्रशांत वर्मा ने अक्षय खन्ना के जन्मदिन पर उनकी तारीफकरते हुए लिखा था कि अक्षय एक ऐसे सच्चे कलाकार हैं जो यह साबित करते हैं कि असली हुनर को शोर-शराबे की जरूरत नहीं होती और उनके साथ काम करना बेहद सम्मान की बात है।

### प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स का हो रहा है विस्तार..

फिल्म 'महाकाली' प्रशांत वर्मा के महत्वाकांक्षी सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसकी सफल शुरुआत फिल्म 'हनु-मान' के साथ हुई थी। यह यूनिवर्स भारतीय पौराणिक कथाओं को आधुनिक दृश्य प्रभावों और सिनेमाई शैली के साथ मिलाकर प्रस्तुत करने के लिए जाना जाता है। 'जय हनुमान' और 'अधीरा' के साथ-साथ 'महाकाली' इस यूनिवर्स को एक नया आयाम देने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन पूजा कोल्लुरु कर रही हैं, जबकि आरके दुग्गल और रिवाज रमेश दुग्गल इसके निर्माता हैं। फिल्म में अक्षय खन्ना के अलावा भूमि शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि रोहित सराफ भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते दिखाई देंगे।

## 10 की उम्र में ही पर्दे पर छा गए थे थलापति विजय, 1984 में ही शुरू हो गया था सुपरस्टार बनने का सफर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*दक्षिण भारतीय सिनेमा के सबसे मशहूर और प्रभावशाली अभिनेताओं में शुमार थलापति विजय का फिल्मी सफर दशकों लंबा और बेहद शानदार रहा है। उन्होंने पर्दे पर एक से बढ़कर एक यादगार किरदार निभाकर करोड़ों दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है।*



अभिनय की दुनिया में अपार सफलता हासिल करने के बाद वे अब राजनीति के मैदान में अपनी नई जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। हाल ही में उनकी आखिरी फिल्म 'जना नायकन' सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का मिला-जुला प्रतिसाद मिला। हालांकि बहुत कम लोग जानते हैं कि देश और दुनिया भर में विशाल फैन फॉलोइंग हासिल करने वाले थलापति विजय ने अपने अभिनय जीवन की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी।

### पिता के निर्देशन से हुई थी सिनेमाई सफर की शुरुआत..

विजय के ऑन-स्क्रीन सफर की सबसे खास बात यह रही कि एक बाल कलाकार के रूप में उनका पहला ब्रेक उनके पिता और जाने-माने फिल्म निर्माता एस. ए. चंद्रशेखर के निर्देशन में बनी फिल्म में मिला था। उन्होंने साल 1984 में प्रदर्शित हुई फिल्म 'वेत्री' से एक चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में अपना पहला कदम रखा था। इस फिल्म में अनुराधा, पंडारी बाई और एस. एस. चंद्रन जैसे दिग्गजों ने काम किया था। पिता और पुत्र के इस शुरुआती सिनेमाई जुड़ाव ने विजय के भविष्य के बड़े करियर की एक मजबूत नींव रख दी थी।

### शुरुआती दौर में पिता की कई फिल्मों में किया अभिनय..

थलापति विजय के शुरुआती करियर को तराशने में उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर का बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान माना जाता है। विजय ने अपने शुरुआती दौर में अपने पिता के निर्देशन में बनी लगभग सात से आठ फिल्मों में काम किया था। 'वेत्री' के अलावा इनमें 'कुडुंबम', 'नांन सिगप्पु मनिथन', 'वसंत रागम', 'सट्टम ओरु विलायाट्टू', 'इधु एंगल नीधि', 'सेंदूरपांडी', 'रसीगन', 'देवा', 'विष्णु' और 'सुकरन' जैसी प्रमुख फिल्में शामिल थीं। इन फिल्मों के माध्यम से उन्हें अभिनय की बारीकियों को समझने और खुद को निखारने का पूरा मौका मिला।

### बाल कलाकार से मुख्य अभिनेता और महानायक बनने का दौर..

शुरुआती दौर में बाल कलाकार के रूप में पहचान बनाने के बाद विजय ने मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी मुख्य यात्रा शुरू की। समय के साथ उन्होंने एक के बाद एक कई सुपरहिट फिल्में दीं और भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी जबरदस्त पहचान बनाई। उनकी सबसे चर्चित और ब्लॉकबस्टर फिल्मों में 'मर्सल', 'थुप्पाक्की', 'मास्टर', 'कथ्थी', 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम', 'लियो', 'बिगिल', 'थेरी', 'पोक्किरी', 'तिरुमलाई' और 'घिल्ली' जैसे नाम प्रमुखता से शामिल हैं।

### व्यक्तिगत जीवन और बेटे की सिनेमा में एंट्री..

थलापति विजय के व्यक्तिगत जीवन की बात करें तो उन्होंने साल 1999 में संगीता सोर्नालिंगम से शादी की थी। इस दंपत्ति के दो बच्चे हैं बेटा जेसन संजय और बेटी दिव्या शाशा। अब विजय की अगली पीढ़ी भी मनोरंजन जगत में कदम रखने जा रही है। उनके बेटे जेसन संजय बतौर निर्देशक अपनी पहली फिल्म 'सिग्मा' के साथ सिनेमाई सफर शुरू करने जा रहे हैं।

इस फिल्म में संदीप किशन, फारिया अब्दुल्ला, राजू सुंदरम, संपत राज और शिव पंडित जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। आखिरी बार विजय 'जन नायकन' में नजर आए जो अनके करियर की आखिरी फिल्म है। आप इस फिल्म को ओटीटी पर देख सकते हैं।

## साल्ट लेक के निरीक्षण के बाद सीबीएफ के प्रति-निधिमंडल ने तैयारियों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल ने दो घंटे से अधिक समय तक स्टेडियम की सुविधाओं और तैयारियों का जायजा लिया। भारत और ब्राजील के बीच तीन अक्टूबर को होने वाले भारत के अब तक के सबसे बड़े फुटबॉल मुकाबले की तैयारियों के तहत यह निरीक्षण किया गया।

प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई सर्जियो डिमास डी ओलिवेरा ने की जो पुरुष राष्ट्रीय टीम के 'जनरल सुपरवाइजर' हैं। प्रतिनिधिमंडल सुबह-सुबह कोलकाता पहुंचा और सबसे पहले मेहमानों के लिए की गई 'हॉस्पिटैलिटी' व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके बाद शाम करीब पांच बजे वे साल्ट लेक स्टेडियम पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों में विनीसियस बारोजो कोस्टा (प्रशासक), जोस विटोर सेनाटोरे डी पाउला लीमा (प्रबंधन और परिचालन मैनेजर), गिलहर्मे पासोस रामोस (फिजियो) और ब्रूनो माजेई रीस (सुरक्षा अधिकारी) शामिल थे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के फुटबॉल निदेशक और भारत के पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल भी प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद थे। सीबीएफअधिकारियों ने सबसे पहले ट्रेनिंग सुविधाओं का निरीक्षण किया और करीब 15 मिनट वहां बिताने के बाद मुख्य स्टेडियम परिसर का जायजा लिया।

पश्चिम बंगाल के खेल मंत्री डॉ इंद्रनील खान ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा, 'भारतीय फुटबॉल के मक्का में आपका स्वागत है।' बाद में मीडिया से बात करते हुए डॉ खान ने कहा कि सीबीएफ का प्रतिनिधिमंडल स्टेडियम की तैयारियों से काफी संतुष्ट है। खान ने पत्रकारों से कहा, 'आज हमने उनके साथ बैठक की। हमारी सुविधाओं और तैयारियों को देखने के बाद वे काफी सकारात्मक नजर आए।'

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा

साहित्य अभिव्यक्ति

संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

# मिलावटखोर माफिया बनाम शासन प्रशासन : जहरीली शराब से होती मौतें क्या कानून-व्यवस्था की सबसे बड़ी परीक्षा हैं? -जहरीली शराब का खूनी नेटवर्क आखिर कब टूटेगा?

गोंदिया -वैश्विक स्तरपर हाल के दिनों में गुजरात के भावनगर जिले से सामने आई जहरीली शराब की त्रासदी ने एक बार फिर पूरे देश के सामने वह असहज प्रश्न खड़ा कर दिया है,जिसका उत्तर भारत वर्षों से तलाश रहा है जब शराबबंदी लागू है,जब कानून कठोर हैं,जब पुलिस, प्रशासन,आबकारी विभाग और खुफिया तंत्र मौजूद हैं, तब आखिर जहरीली और अवैध शराब आम लोगों तक पहुंचती कैसे है?20 अगस्त 2026 को उपलब्धनवीनतम रिपोर्टों के अनुसार भावनगर त्रासदी में मृतकों की संख्या सात से बढ़कर आठ हो गई है और करीब 39 लोग उपचाराधीन बताए गए हैं।

जांच में कथित रूप से मेथनॉल से तैयार जहरीली शराब,लोकप्रिय ब्रांड की नकली बोतलों और अंतरराज्यीय आपूर्ति नेटवर्क के संकेत मिले हैं; पुलिस ने 21 आरोपियों को नामजद कर 13 गिरफ्तारियां किए जाने की भी जानकारी दी है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र बताना चाहूंगा कि भावनगर की घटना इसलिए और गंभीर है क्योंकि गुजरात भारत के उन राज्यों में है जहां दशकों से शराबबंदी लागू है।शराब की बिक्री,खरीद और सेवन पर प्रतिबंध का मूल उद्देश्य सामाजिक स्वास्थ्य, परिवारों की सुरक्षा और नशे से होने वाले अपराधों को नियंत्रित करना रहा है, लेकिन जमीन पर यदि प्रतिबंधित शराब भूमिगत बाजार में उपलब्ध हो जाए तो समस्या केवल शराब सेवन की नहीं रह जाती; वह अवैध अर्थव्यवस्था,संगठित अपराध, भ्रष्टाचार, नकली ब्रांड, रासायनिक विषाक्तता और प्रशासनिक विफ्लता का संयुक्त संकट बन जाती है।

भावनगर में सामने आया कथित नकली आईएमएफएल नेटवर्क इसी खतरनाक तंत्र की ओर संकेत करता है। रिपोर्टों के अनुसार शराब कथित रूप से मध्य प्रदेश से कच्चे माल के साथ जुड़ी थी, जबकि निर्माण भावनगर क्षेत्र में किए जाने की बात जांच में सामने आई है।डिस्क्लेमर यह पूरी जानकारी मीडिया से ली गई है। साथियों,लेकिन भावनगर की कहानी कोई अकेली कहानी नहीं है। यह भारत में जहरीली शराब की उन अनगिनत त्रासदियों की नई कड़ी है जिनमें गरीब और निम्न आय वर्ग के लोग सबसे अधिक प्रभावित होते रहे हैं।

वर्ष 2024 में तमिलनाडु के कल्लाकुरिची में मेथनॉल- मिश्रित अवैध शराब ने ऐसा कहर बरपाया कि देश स्तब्ध रह गया। शुरुआती दिनों में मृतकों की संख्या तेजी से बढ़ी और अंततः सरकारी तथा मीडिया रिपोर्टों में 65 मौतों और 200 से अधिक लोगों के प्रभावित होने की जानकारी सामने आई।इस त्रासदी में उल्टी,पेटदर्द,दस्त और गंभीर विषाक्तता के लक्षणों के बाद लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।जांच में मेथनॉल की मौजूदगी सामने आई, जबकि अवैध शराब के नेटवर्क से जुड़े लोगों पर कार्रवाई की गई और प्रशासनिक स्तर पर भी अधिकारियों के विरुद्ध कदम उठाए गए।कल्लाकुरिची से ठीक एक वर्ष पहले, मई 2023 में तमिलनाडु के विलुप्पुरम और चेंगलपट्टू जिलों में अवैध शराब पीने से 22 लोगों की मौत हुई थी। एक ही राज्य में लगातार दो वर्षों में ऐसी घटनाओं का सामने आना इस बात का प्रमाण है कि समस्या किसी एक गांव, एक शराब विक्रेता या एक स्थानीय गिरोह तक सीमित नहीं है। यह उस आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा है जिसमें अवैध उत्पादन, रसायनों का दुरुपयोग, वितरण स्थानीय संरक्षण और मांग,सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

साथियों, गुजरात स्वयं इस संकट से बार-बार जूझता रहा है।जुलाई 2022 में बोटाद और आसपास के क्षेत्रों में जहरीली शराब की त्रासदी में सरकारी आंकड़ों के अनुसार मृतकों की संख्या 42 तक पहुंची थी।उस मामले में औद्योगिक मेथनॉल के इस्तेमाल की बातसामने आई थी और शुरुआती जांच में यह भी बताया गया था कि रासायनिक पदार्थ को शराब के रूप में इस्तेमाल किया गया। यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है,क्योंकि मेथनॉल कोई सामान्य शराब नहीं है; यह औद्योगिक रसायन है और मानव शरीर में जाने पर गंभीर विषाक्तता,दृष्टि-हानि, अंगों की विफ्लता और मृत्यु तक का कारण बन सकता है। इसलिए जहरीली शराब की त्रासदी को केवल 'नकली शराब' कहकर समाप्त कर देना समस्या की वास्तविक गंभीरता को कम करके देखना होगा।गुजरात के इतिहास में इससे भी बड़ी त्रासदी जुलाई 2009 में सामने आई थी,जब अहमदाबाद में जहरीली शराब के सेवन से 136 लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंचे थे। उस घटना के बाद अवैध शराब नेटवर्क पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई और कानून को और कठोर बनाने की चर्चा हुई। लेकिन डेढ़ दशक से अधिक समय बाद भी 2022 और अब 2026 की घटनाएं यह पूछने के लिए मजबूर करती हैं कि क्या केवल कठोर कानून बनाना पर्याप्त है, अथवा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी प्रशासनिक प्रणाली को पुनर्गठित करने की आवश्यकता है?

साथियों, यह प्रश्न केवल गुजरात तक सीमित नहीं है। बिहार में वर्ष 2022 की छपरा-केंद्रित जहरीली शराब त्रासदी में मृतकों की संख्या बाद में 80 से अधिक पहुंच गई; एक रिपोर्ट के अनुसार 17 दिसंबर तक आंकड़ा 81 तक पहुंच चुका था। बिहार में 2016 से शराबबंदी लागू होने के बावजूद इस तरह की घटनाओं का सामने आना भी उसी विरोधाभास को रेखांकित करता है,कानून की किताब में प्रतिबंध और जमीन पर अवैध आपूर्ति, दोनों साथ-साथ चल सकते हैं यदि प्रवर्तन व्यवस्था में गंभीर छेद हों।पंजाब में वर्ष 2020 की जहरीली शराब त्रासदी भी स्वतंत्र भारत की सबसे भयावह घटनाओं में गिनी जाती है। अमृतसर, तरनतारन और गुरदासपुर क्षेत्रों में अवैध शराब के सेवन से मृतकों की संख्या बाद की रिपोर्टों में 120 के आसपास पहुंची।रेउटर्स की शुरुआती रिपोर्ट में 86 मौतों की पुष्टि की गई थी, जबकि बाद की रिपोर्टिंग में आंकड़ा और बढ़ा। इतना ही नहीं, पंजाब में बाद के वर्षों में भी ऐसी घटनाएं सामने आती रहीं; 2025 में अमृतसर के मजीठा क्षेत्र में कथित जहरीली शराब से दो दर्जन से अधिक मौतों ने फिर वही सवाल उठाया कि पिछली त्रासदियों से आखिर कितना सबक लिया गया।

साथियों, इन घटनाओं को एक साथ देखने पर भारत के सामने एक भयावह पैटर्न उभरता है।एक राज्य में शराबबंदी है,दूसरे में शराब उपलब्ध है लेकिन गरीबों के लिए महंगी है;कहीं अवैध शराब सस्ती होने के कारण बिकती है, कहीं प्रतिबंध के कारण भूमिगत बाजार बनता है और कहीं संगठित अपराधी लोकप्रिय ब्रांड की बोतलों में जहरीला तरल भरकर उपभोक्ता को भ्रमित करते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि वास्तविक पीड़ित प्रायः वही लोग बनते हैं जिनके पास महंगी चिकित्सा सुविधा, कानूनी सहायता और सामाजिक सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती। जहरीली शराब केवल शरीर को नहीं मारती; वह पूरे परिवार की आर्थिक रीढ़ तोड़ देती है। परिवार का कमाने वाला सदस्य मरता है तो पीछे बच्चों की शिक्षा, बुजुर्गों की देखभाल, कर्ज, भोजन और भविष्य सभी प्रश्न बनकर खड़े हो जाते हैं।

साथियों, इस संकट की जड़ में केवल उपभोक्ता को दोष देना आसान है, लेकिन पर्याप्त नहीं।निश्चित रूप सेअवैध शराब का सेवन गंभीर जोखिम है और लोगों को ऐसी शराब से दूर रहना चाहिए,परंतु शासन का दायित्व केवल नागरिकों को चेतावनी देना नहीं है।शासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि जहरीला उत्पाद बाजार तक पहुंच ही न सके। इसके लिए पुलिस और आबकारी विभाग की पारंपरिक छापेमारी व्यवस्था से आगे बढ़कर सप्लाई-चेन इंटेलिजेंस विकसित करनी होगी। मेथनॉल और अन्य औद्योगिक रसायनों की खरीद-बिक्री, परिवहन और अंतिम उपयोग की डिजिटल निगरानी, संदिग्ध थोक खरीद की पहचान, नकली बोतलों और लेबलों केउत्पादन पर कार्रवाई तथा अंतरराज्यीय सूचना साझाकरण को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए।भावनगर की घटना इस दृष्टि से विशेष चेतावनी है कि यदि जहरीली शराब कथित रूप से एक राज्य से दूसरे राज्य तक कच्चे माल के माध्यम से पहुंच सकती है और फिर स्थानीय स्तर पर तैयार होकर नकली ब्रांड के रूप में बाजार में जा सकती है, तो केवल जिला पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। यह अंतरराज्यीय संगठित अपराध की तरह जांच मांगती है।

पुलिस,आबकारी, राजस्व, रसायन एवं उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग और साइबर/वित्तीय जांच एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में सूचना साझा करने की व्यवस्था आवश्यक है। जिस प्रकार मादक पदार्थों के नेटवर्क की जांच में वित्तीय लेनदेन, मोबाइल संचार और सप्लाई चैन का विश्लेषण किया जाता है, उसी प्रकार अवैध शराब के बड़े नेटवर्क पर भी सटीकता से किया जाना चाहिए।

साथियों, एक और महत्वपूर्ण प्रश्न प्रशासनिक जवाबदेही का है। हर त्रासदी के बाद कुछ गिरफ्तारियां,कुछ निलंबन और कुछ छापेमारी होती है;लेकिन कुछ महीनों बाद व्यवस्था फिर सामान्य हो जाती है। यही चक्र सबसे बड़ा खतरा है। आवश्यकता इस बात की है कि किसी क्षेत्र में अवैध शराब पकड़े जाने पर केवल विक्रेता नहीं, बल्कि उस क्षेत्र में लंबे समय तक चल रही अवैध भट्ठियों और वितरण नेटवर्क की प्रशासनिक जवाबदेही भी तय हो। यदि किसी इलाके में वर्षों से अवैध शराब बिक रही है, तो यह पूछना स्वाभाविक है कि स्थानीय खुफिया तंत्र को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई?

यदि जानकारी थी तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? और यदि कार्रवाई हुई तो नेटवर्क इतनी सटिका से दोबारा कैसे खड़ा हो गया?

साथियों, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत को इस समस्या को केवल कानून-व्यवस्था के प्रश्न के रूप में नहीं बल्कि पब्लिक हेल्थ और फूड-सेफ्टी जैसी बहु-क्षेत्रीय चुनौती के रूप में देखना होगा।जहरीली शराब का संकट अचानक सामने आने वाली सामूहिक विषाक्तता है, इसलिए प्रत्येक जिले में त्वरित प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल होना चाहिए।अस्पतालों में मेथनॉल विषाक्तता की पहचान तत्काल उपचार,विष-विज्ञान प्रयोगशालाओं की क्षमता और चिकित्सकों के लिए प्रशिक्षण को मजबूत करना होगा।

घटना के शुरुआती घंटों में जितनी तेजी से संदिग्ध शराब के नमूने सुरक्षित किए जाएं और मरीजों की पहचान हो,उतनी ही अधिक जानें बचाई जा सकती हैं।इसके साथ ही उपभोक्ता जागरूकता को भीआधुनिक बनाया जाना चाहिए। केवल यह कहना कि अवैध शराब न पीएं पर्याप्त नहीं है। ग्रामीण और शहरी गरीब समुदायों तक स्थानीय भाषाओं में यह जानकारी पहुंचनी चाहिए कि मेथनॉल विषाक्तता के लक्षण क्या हैं,कब तत्काल अस्पताल जाना है, संदिग्ध शराब को छूने या पीने के बाद क्या करना है और किस प्रकार के उत्पादों से विशेष सावधानी बरतनी है। स्वास्थ्य व्यवस्था को भी यह समझना होगा कि जहरीली शराब की घटना में हर घंटा निर्णायक हो सकता है।

साथियों, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भावनगर, कल्लाकुरिची, बोटाद, बिहार और पंजाब की घटनाओं को अलग-अलग राज्य की राजनीतिक घटनाओं के रूप में देखने की भूल नहीं की जानी चाहिए। इनके बीच एक साझा राष्ट्रीय चुनौती दिखाई देती है,अवैध शराब का बाजार मांग,गरीबी, बेरोजगारी कीमत, प्रतिबंध, संगठित अपराध, कमजोर निगरानी और भ्रष्टाचार के मिश्रण से पैदा होता है।इसलिए समाधान भी बहुआयामी होना चाहिए। शराबबंदी हो या नियंत्रित बिक्री दोनों मॉडलों में राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी नागरिकों की जान की सुरक्षा है। नीति का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि वह अवैध और जहरीले बाजार को कितना कमजोर करती है, न कि केवल इस आधार पर कि कानून कितना कठोर है। आज भावनगर में आठ मौतों और दर्जनों लोगों के अस्पताल पहुंचने की खबर केवल गुजरात के लिए चेतावनी नहीं है; यह पूरे भारत के लिए एक राष्ट्रीय अलार्म है।


कल्लाकुरिची में 65 मौतें होने के बाद भी यदि कुछ समय बाद किसी दूसरे राज्य में वही कहानी दोहराई जाती है, तो समस्या केवल अपराधियों की नहीं रह जाती, यह संस्थागत सीख की कमी का संकेत बन जाती है। भारत को अब हर जहरीली शराब त्रासदी के बाद 'कितने गिरफ्तार हुए' पूछने से आगे बढ़कर यह पूछना होगा कि कितने नेटवर्क खत्म हुए, कितनी अवैध भट्टियां स्थायी रूप से बंद हुईं, मेथनॉल की अवैध आपूर्ति कितनी रोकी गई, कितने अधिकारियों की जवाबदेही तय हुई और अगली त्रासदी रोकने के लिए क्या स्थायी व्यवस्था बनाई गई?

लेखक



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 251



ck;s ls nk;s – 1) गांधी परिवार की एक बहु जो भा. ज. पा. की सांसद है 5) मृत्यू होते तक की गई भूख हड़ताल 12) दिल्ली की एक प्रसिद्ध दर्शनीय इमारत 17) हवाई जहाज कंपनी एअर इंडिया का प्रतीक चिन्ह 18) सामान्य 19) कमी 21) साले की पत्नी 22) विविध 23) रूकना, टिकना 24) नसीहत, पाठ 25) चूहे के आकार का एक जंतू 27) कौआ 28) हंसी 29) व्याकूल 30) टीस 31) लड़ाई, मुठभेड़ 32) फलों के रस से बनाया गया मद्य जो आयुर्वेद में पौष्टिक माना जाता है 34) व्यायाम 36) पत्र 37) टोकना, कुछ पुछकर बाधा ड़ालना 40) गणेश 42) आसक्त, लीन, लिप्त 44) नमस्कार 45) स्मशान 47) फूल 49) दौड़ 50) लम्बाई तथा चौड़ाई के बल फैलाये हुये सूत 52) गंदगी 54) लक्ष्मी 55) अशुद्ध 57) दिया 59) डेढ़ का आधा 60) बिना सजावट का, सीधा 61) राज, गुप्त बात 62) उलझे बाल, जुल्फ 64) शपथ 65) महाजन, साहूकार 67) जामिन 69) जमा का विरूद्धार्थी शब्द 70) घृणा दिखलाना अर्थ का एक मुहावरा 72) तुरन्त 74) हमेशा 75) बंगाल की भाषा 76) सख्त 77) नर का विरूद्धार्थी शब्द 78) शठ वंचक 79) मार्जार 82) मां 83) कमल की पंखुडियों के समान सुंदर नेत्रोंवाला 87) व्याकरण में वचन का एक प्रकार 90) श्री महिला गृह उद्योगद्वारा निर्मित पापड को दिया गया नाम 91) एक ऋतु 92) रिवाज 93) दादा मुनि उपनाम से जाने जानेवाले अभिनेता 95) शिष्टाचार 96) घाव पर औषधी रूप में लगाया जानेवाला लेप 98) पिता के पिता 99) व्ही. शांताराम इस बॅनर तले फिल्मों का निर्माण करते थे 100) धनुष्य 103) शीश 104) जीवन यापन का ढंग 106) छेद 108) पतंगा 109) महाराणा प्रताप के घोड़े का नाम 110) रोग ग्रस्त 111) उद्धारक

Åij ls uhps – 1) भेड़ का बच्चा 2) स्नान करना 3) बंधन, जेल 4) एक नशीला पदार्थ 5) मूल 6) मृत्यू होना 7) युद्ध 8) एक मुगल बादशाह 9) लवण 10) सौ (संस्कृत) 11) अभिनेता संजय दत्त की माता 13) यथेष्ठ, पर्याप्त 14) माईल स्टोन का हिन्दी पर्याय 15) व्यर्थ 16) धूल 18) हिम्मत 20) दिल्ली एक प्रसिद्ध मैदान 23) कहकहा, अट्टहास 24) निरन्तर 26) मुग्ध होना 28) हनुमान 29) निमित्त 30) बचकर निकल जाना 32) अपनी भड़ास निकालना या अपशब्द कहना, अर्थ का मुहावरा 33) दंड 34) किसी काम को करनेके लिये तैयार होना, अर्थवाला एक मुहावरा 35) बराबर 38) लक्ष्मी 39) मध्य प्रदेश के पांढुरना गांव में पोले के दिन मनाया जानेवाला पत्थर मारने का उत्सव 41) गीला 43) शयन करना 45) मन को हरनेवाला 46) मकान 48) सरिता 50) अकबर के गायक दरबारी 51) बगीचा 53) पिता के पिता के पिता 56) टंगना 58) पकड़ने की क्रिया 60) चीजें, सामग्री 63) रसिक होने का गुण 66) रूपये के सिक्के से बज़नेवाला शब्द 67) लोग 68) दिलासा 69) सांपोकी पूजा करने का दिन 71) मोटा चाबूक 72) आपसी लेनदेन 73) होली 77) सामान, संपत्ती 79) तनिक भी 80) भूजा 81) जुल्मी 82) शोक 83) भाग्य 84) घमंड़, नशा 85) जैसे (सं.) 86) कलिंग के युद्ध के बाद जिसका मन परिवर्तन हुआ वह सम्राट 87) कायम 88) मातृभूमी 89) दृष्टी 91) बड़ा गांव 93) अपरिचित 94) अशक्त 97) जीभ 98) जलानेवाला 99) रास्ता 101) नवनीत 102) पराया 104) लिप्त 105) जो महंगा न हो 106) धागा 107) चरण ●

(जवाब अगले अंक में)

## पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हे | मं | त | | बा | रा | द | री | | स | मं | द | र | | गृ | | अ | जं | ता | | खो |
| मा | दा | | स्व | रा | ज्य | | खा | ना | ब | दो | श | | स | ह | ज | | ग | र | ज | ना |
| मा | | पं | ग | त | | व | | न | क | द | | चू | रा | | न | क | ली | | ल | |
| लि | या | क | त | | भ | र | स | क | | री | छ | | स | र | ग | म | | ल | | प |
| नी | र | ज | | दा | वा | न | ल | | बे | | र | मा | र | म | ण | | र | घु | वी | र |
| | | क | ला | | नी | | त | ह | स | न | ह | स | | जा | ना | | ह | | र | वा |
| रा | ज | पू | त | नी | | अ | न | जा | न | | रा | | दा | न | | अ | नु | ज | | ह |
| म | हा | र | | | ब | द | त | र | | दे | | ला | ल | | आ | स | मा | न | | |
| बा | ज | | सु | न | ह | ला | | | अ | व | का | श | | ला | चा | र | | ना | ह | क |
| ण | | कु | | ज | ना | ब | | ब | ना | | या | | दू | भ | र | | गा | य | क | |
| | सौ | दा | ग | र | | द | श | र | थ | | वा | स | ना | | वि | ना | य | क | | स |
| स | त | ल | ज | | हो | ली | | ग | | प | चा | ना | | वा | चा | ल | | | आ | ज |
| म | न | | नी | रा | | | मो | द | क | | म | थ | ना | | र | | ज | ग | म | ग |
| व | | भू | | मा | ता | म | ह | | वा | | न | | रा | का | | प्र | मा | ण | | |
| य | म | | ज | य | ज | वा | न | ज | य | कि | सा | न | ज | य | वि | ज्ञा | न | | वा | मा |
| स्क | न्द | पु | रा | ण | | ली | | ब | द | ला | | भ | गी | र | थ | | त | ना | त | नी |

anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

### संक्रमण के साये में बैगा बस्तियों तक पहुंची सेवा की संवेदना, रामेश्वर कटरे ने जगाई जागरूकता की अलख

## कुकड़ा, कोरका, मातला और धर्मशाला में ग्रामीणों से सीधा संवाद, प्रसूता महिलाओं को मच्छरदानी छाते, साबुन व डियोड्रेंट, बच्चों को कपड़े और चरण पादुका वितरित..









जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***दक्षिण बैहर के वनांचल क्षेत्रों में अज्ञात संक्रमण की स्थिति ने जहां ग्रामीणों के बीच चिंता का वातावरण बनाया है, वहीं जिले के अन्य बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य, स्वच्छता और सावधानी को लेकर जागरूकता की आवश्यकता महसूस की जा रही है।***

इसी उद्देश्य को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कटरे लगातार वनांचल गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने मछुरदा पंचायत के अंतर्गत आने वाले बैगा बाहुल्य कोरका, मातला और धर्मशाला गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों का हाल जाना और उन्हें स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

दक्षिण बैहर का यह क्षेत्र लंबे समय से भौगोलिक कठिनाइयों, सीमित संसाधनों और दुर्गम आवागमन के कारण प्रशासन तथा बाहरी दुनिया से अपेक्षाकृत दूर रहा है। कभी अति नक्सल प्रभावित रहे इन वनांचल क्षेत्रों में आज भी बड़ी संख्या में बैगा परिवार प्राकृतिक और पारंपरिक जीवन पद्धति के बीच जीवन यापन करते हैं। ऐसे क्षेत्रों में किसी भी स्वास्थ्य संकट के समय जागरूकता का संदेश समय पर पहुंचना बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। इसी भावना के साथ रामेश्वर कटरे ने इन बस्तियों तक पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सावधानी बरतने की समझाइश दी।

### बस्तियों में पहुंचकर जाना ग्रामीणों का हाल

अभियान के दौरान रामेश्वर कटरे ने ग्रामीणों से केवल औपचारिक मुलाकात नहीं की, बल्कि परिवारों के बीच बैठकर उनकी दैनिक जीवन की परिस्थितियों, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों और बच्चों की जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में किसी तरह की परेशानी तो नहीं आ रही है और बीमारी अथवा स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर वे किस प्रकार उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी परेशानी को सामान्य मानकर टालना ठीक नहीं है। समय पर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना और स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ लेना बेहद जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, छोटे बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को लेकर अधिक सतर्क रहने की सलाह दी।

### प्रसूता महिलाओं और दूधमुंहे बच्चों का रखा विशेष ध्यान

अभियान के दौरान प्रसूता महिलाओं और दूधमुंहे बच्चों की जरूरतों को विशेष प्राथमिकता दी गई। प्रसूता महिलाओं के लिए मच्छरदानियां वितरित की गईं, ताकि छोटे बच्चों और माताओं को मच्छरों से बचाव मिल सके। इसके साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को साबुन की टिकिया और डियोड्रेंट उपलब्ध कराए गए।

रामेश्वर कटरे ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहा कि घर में स्वच्छता की शुरुआत महिलाओं से होती है। यदि परिवार की महिलाएं स्वास्थ्य और साफ-सफाई को लेकर जागरूक रहेंगी तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ेगा। बच्चों के आसपास साफ-सफाई रखना, पीने के पानी की स्वच्छता का ध्यान रखना और व्यक्तिगत स्वच्छता को दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

उन्होंने महिलाओं को यह भी समझाया कि स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की परेशानी या असामान्य लक्षण दिखाई देने पर घरेलू स्तर पर ही उसे दबाने या नजरअंदाज करने के बजाय स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करना चाहिए।

### 0 से 12 वर्ष के बच्चों में बांटे कपड़े और चरण पादुका

बस्तियों में रहने वाले जरूरतमंद बच्चों की जरूरतों को देखते हुए 0 से 12 वर्ष तक के बच्चों को कपड़े और चरण पादुका वितरित की गईं। वनांचल क्षेत्रों में बारिश और कठिन रास्तों के बीच बच्चों के लिए पैरों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। सामग्री प्राप्त करने के बाद बच्चों के चेहरों पर खुशी नजर आई।

कटरे ने कहा कि बच्चों के लिए कपड़े या चरण पादुका उपलब्ध कराना केवल सहायता का कार्य नहीं है, बल्कि उनके प्रति समाज की जिम्मेदारी और अपनत्व का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इन बच्चों में भी आगे बढ़ने की पूरी क्षमता है। जरूरत केवल उन्हें अवसर, मार्गदर्शन और सहयोग देने की है।

### 'हमारे जिले के लोग हैं, उनकी जिम्मेदारी भी हमारी'

ग्रामीणों से संवाद के दौरान रामेश्वर कटरे ने कहा कि दक्षिण बैहर के वनांचल में रहने वाले बैगा परिवारों को किसी समस्या के समय अकेला नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमारा अपना है और यहां रहने वाले लोग भी हमारे ही समाज का हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा, ÷यह हमारा क्षेत्र है, हमारा अपना जिला है और यहां के निवासी भी हमारे अपने हैं। ऐसे समय में हमें पक्ष-विपक्ष, दलगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर उठकर मानवीय दृष्टिकोण से काम करने की आवश्यकता है।÷

उन्होंने कहा कि किसी भी संकट के समय राजनीति करने के बजाय लोगों की जिंदगी और सुरक्षा को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। प्रशासन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और आम नागरिक यदि मिलकर काम करें तो किसी भी कठिन परिस्थिति से निपटने में मदद मिल सकती है।

### मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों का बढ़ाया मनोबल

रामेश्वर कटरे ने उन स्वास्थ्य कर्मियों और प्रशासनिक मैदानी अमले के प्रति भी सम्मान व्यक्त किया, जो लगातार वनांचल क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन के कर्मचारी सुबह से घर से निकलकर दूरस्थ बस्तियों तक पहुंचते हैं और दिनभर लोगों की सेवा करने के बाद देर शाम वापस लौटते हैं।

उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों के मन में भी संवेदनाएं हैं और वे भी चाहते हैं कि समस्या जल्द समाप्त हो। ऐसे समय में समाज को उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए। यदि जमीनी स्तर पर काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मी और प्रशासनिक कर्मचारी उत्साह एवं सहयोग के साथ कार्य करेंगे तो प्रभावित क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और प्रभावी हो सकती है।

### 'हर व्यक्ति बने एक कड़ी'

रामेश्वर कटरे ने कहा कि बैगा परिवारों तक स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए हर व्यक्ति को एक कड़ी बनना होगा। उन्होंने कहा कि किसी गांव में एक व्यक्ति जागरूक होता है तो वह अपने परिवार को जागरूक कर सकता है और एक परिवार आगे कई परिवारों को सावधानी के लिए प्रेरित कर सकता है।

उन्होंने कहा कि समाज की ताकत सामूहिक प्रयास में है। शासन अपनी योजनाओं और संसाधनों के माध्यम से काम कर रहा है, लेकिन योजनाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जरूरतमंदों को उसका लाभ दिलाने में समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

### शिक्षा को लेकर भी ग्रामीणों को किया जागरूक

स्वास्थ्य और स्वच्छता के साथ रामेश्वर कटरे ने ग्रामीणों के बीच शिक्षा के महत्व पर भी चर्चा की। उन्होंने महिलाओं और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को केवल पारंपरिक जीवन पद्धति तक सीमित रखने के बजाय उन्हें शिक्षा से जोड़ना जरूरी है। शिक्षा बच्चों को अपने अधिकारों, स्वास्थ्य, रोजगार और शासन की योजनाओं को समझने में सक्षम बनाती है।

उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि आदिवासी विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए शासन की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न अवसर और प्रोत्साहन उपलब्ध कराए जाते हैं। यदि बच्चे नियमित रूप से पढ़ेंगे तो वे भविष्य में उच्च शिक्षा प्राप्त कर शासकीय सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ सकते हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य बदलना है तो आज से ही शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजें और उनकी पढ़ाई को लेकर निरंतर रुचि लें।

### परंपरा के साथ स्वच्छता और जागरूकता भी जरूरी

रामेश्वर कटरे ने ग्रामीणों से कहा कि बैगा समाज की अपनी समृद्ध परंपरा और जीवन पद्धति है, जिसे संरक्षित रखना जरूरी है। लेकिन बदलते समय के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता को भी जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा, ÷हम अपनी परंपरागत जीवन पद्धति के साथ आगे बढ़ सकते हैं, लेकिन उसके साथ स्वच्छता, शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को भी अपनाना होगा। यही आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित और मजबूत बनाएगा।÷

उन्होंने ग्रामीणों से घर के आसपास साफ-सफाई रखने, बच्चों की स्वच्छता का ध्यान रखने, साफ पानी का उपयोग करने तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं का लाभ लेने की अपील की।

### महिलाओं के साथ बैठकर सुनी समस्याएं

अभियान के दौरान महिलाओं के साथ अलग से बैठकर वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा की गई। महिलाओं ने परिवार और बच्चों से जुड़ी अपनी दैनिक समस्याएं भी साझा कीं। कटरे ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक स्तर पर प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि किसी भी अभियान की सफलता तभी संभव है, जब स्थानीय लोगों की बात सुनी जाए। वनांचल में रहने वाले लोगों की वास्तविक परिस्थितियों को समझे बिना केवल बाहर से योजनाएं बनाने से अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं किए जा सकते।

### बच्चों की मुस्कान बनी अभियान की पहचान

जब बच्चों को कपड़े और चरण पादुका वितरित किए गए तो उनके चेहरे पर खुशी देखने को मिली। कई बच्चों ने उत्साह के साथ सामग्री प्राप्त की। इस दौरान कटरे ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और स्कूल जाने के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों को नियमित स्कूल जाने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज की छोटी-सी मदद यदि किसी बच्चे में पढ़ने और आगे बढ़ने का विश्वास पैदा करती है तो यही सेवा की सबसे बड़ी सार्थकता है।

### वर्षों से वनांचल में संपर्क का सिलसिला

सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कटरे पिछले कई वर्षों से दक्षिण बैहर और आसपास के वनांचल क्षेत्रों में लगातार ग्रामीणों के बीच पहुंचकर संवाद करते रहे हैं।

जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, चरण पादुका, जूते-चप्पल, छाते और अन्य उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराने के साथ वे ग्रामीणों की समस्याओं को समझने और उन्हें शासन की योजनाओं तथा स्वास्थ्य-शिक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास करते रहे हैं।

वर्तमान संक्रमण की स्थिति को देखते हुए उनके द्वारा इस जनजागृति अभियान को अधिक व्यापक रूप दिया जा रहा है। उनका प्रयास है कि वनांचल की उन बस्तियों तक भी जागरूकता का संदेश पहुंचे, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण आमतौर पर बाहरी लोगों की पहुंच सीमित रहती है।

### सेवा के पीछे राजनीतिक नहीं, मानवीय उद्देश्य

कटरे ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का उद्देश्य किसी प्रकार का राजनीतिक प्रचार नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी मदद करना और उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में समाज को एक-दूसरे के साथ खड़ा होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि एक परिवार दूसरे परिवार की चिंता करे, एक गांव दूसरे गांव के लोगों की मदद करे और समाज का सक्षम वर्ग दूरस्थ बस्तियों तक पहुंचे तो समस्याओं का सामना करना आसान हो सकता है।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें, किसी भी स्वास्थ्य समस्या को छिपाएं नहीं तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

### 'संकट में साथ खड़ा होना ही सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी'

रामेश्वर कटरे ने कहा कि किसी भी आपदा या स्वास्थ्य संकट के समय केवल सहायता सामग्री बांट देना पर्याप्त नहीं है। जरूरतमंदों के बीच पहुंचना, उनकी बात सुनना, उन्हें भरोसा देना और सही जानकारी उपलब्ध कराना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि ÷सेवा केवल वस्तु देने का नाम नहीं है। सेवा तब सार्थक होती है, जब सामने वाले व्यक्ति को यह महसूस हो कि संकट की घड़ी में वह अकेला नहीं है और समाज उसके साथ खड़ा है।÷

उन्होंने कहा कि बैगा परिवारों की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, महिलाओं का स्वास्थ्य और परिवारों में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाना लगातार जारी रहेगा।

उनका प्रयास है कि वनांचल की बस्तियों में रहने वाला प्रत्येक परिवार स्वास्थ्य के प्रति सजग हो, प्रत्येक बच्चा शिक्षा से जुड़े और जरूरतमंद परिवारों तक सहयोग का हाथ पहुंचे।

इस दौरान ग्रामीणों ने भी वनांचल तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने और बच्चों एवं महिलाओं को उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए रामेश्वर कटरे के प्रति आभार व्यक्त किया।

## देश के नौ प्रमुख बुनियादी उद्योगों का उत्पादन जुलाई में 5.4 प्रतिशत बढ़ा..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

कोयला, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, सीमेंट, बिजली और लौह अयस्क के उत्पादन में वृद्धि होने से देश के नौ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में बढ़कर 5.4 प्रतिशत हो गई। बृहस्पतिवार को आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, यह वृद्धि जून के छह प्रतिशत के मुकाबले धीमी रही। एक साल पहले जुलाई में इन प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 3.2 प्रतिशत बढ़ा था।

इस साल जून के महीने से इन आंकड़ों को नए आधार वर्ष 2022-23 के साथ जारी किया जा रहा है जबकि पहले आधार वर्ष 2011-12 था।

सरकार ने इस सूचकांक में लौह अयस्क को भी शामिल किया है, जिससे प्रमुख बुनियादी उद्योगों की संख्या आठ से बढ़कर नौ हो गई है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और उर्वरक के उत्पादन में गिरावट आई। इस दौरान इस्पात उत्पादन की वृद्धि भी धीमी होकर 2.9 प्रतिशत रह गई, जो जुलाई, 2025 में 15.7 प्रतिशत थी।

अप्रैल-जुलाई, 2026 की अवधि में नौ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का उत्पादन 4.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र पंत ने कहा कि प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में करीब 14 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में गिरावट जारी रही जबकि प्राकृतिक गैस उत्पादन की गिरावट में मासिक आधार पर कमी आई। दूसरी तरफ, सूचकांक में 53.4 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाले लौह अयस्क, बिजली और इस्पात क्षेत्र की वृद्धि दर जून की तुलना में नरम रही।

पंत ने कहा, ''आधार प्रभाव की वजह से अगस्त के महीने में प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों का उत्पादन वृद्धि और भी नरम पड़कर पांच प्रतिशत से नीचे रह सकती है।''

रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि प्रमुख क्षेत्रों के उत्पादन रुझान को देखते हुए जुलाई माह में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) की वृद्धि जून के 7.3 प्रतिशत से घटकर करीब 6-6.5 प्रतिशत रह सकती है।

**व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*

## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जुलाई में 4.80 प्रतिशत घटकर 1.20 करोड़ पर



मुंबई, (भाषा)।

***घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जुलाई में सालाना आधार पर 4.80 प्रतिशत घटकर 1.20 करोड़ रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह संख्या 1.26 करोड़ थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।***

डीजीसीए के अनुसार, जनवरी-जुलाई, 2026 के दौरान घरेलू एयरलाइन कंपनियों ने 984.03 लाख यात्रियों को सेवा दी, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 977.79 लाख था। सालाना आधार पर यह 0.64 प्रतिशत की वृद्धि है। आंकड़ों के मुताबिक, गुरुग्राम स्थित इंडिगो ने जुलाई में 80.82 लाख यात्रियों को यात्रा कराई, जबकि जून में यह संख्या 89.20 लाख थी। वहीं, टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया समूह ने जुलाई में 28.75 लाख यात्रियों को सेवा दी, जबकि जून, 2026 में यह आंकड़ा 32.22 लाख था। अकासा एयर के यात्रियों की संख्या जुलाई में घटकर 6.65 लाख रह गई, जो जून में 8.61 लाख थी। स्पाइसजेट ने जुलाई में 1.87 लाख यात्रियों को यात्रा कराई, जबकि जून में यह संख्या 2.63 लाख रही थी।

इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में बढ़कर 67.4 प्रतिशत हो गई, जो जून में 66.3 प्रतिशत थी। वहीं, एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी मामूली बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जो जून में 23.9 प्रतिशत थी। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार, आकासा एयर और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट दर्ज की गई। आकासा की हिस्सेदारी घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई, जो जून में 6.4 प्रतिशत थी। वहीं, स्पाइसजेट की हिस्सेदारी 1.6 प्रतिशत रही, जो जून में 1.9 प्रतिशत थी।

समय पर उड़ान संचालन के मामले में इंडिगो का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा। इंडिगो की 91.2 प्रतिशत उड़ानें निर्धारित समय पर रवाना हुई या पहुंचीं। इसके बाद आकासा एयर का स्थान रहा। कंपनी की 90.8 प्रतिशत उड़ानें निर्धारित समय पर रवना हुई या पहुंचीं।

सुश्रुत वात क्लिनिक
डॉ. आकाश अनिल शेंडे
जनरल फिजिशियन
बी.ए.एम.एस. (नाशिक)
वात रोग तज्ञ
कमर दर्द, सायटिका, आमवात, अस्थीवात, गठियावात, लकवा, नसों का दर्द (मोंदरा) एवं कमर गैप आदि वात रोगों का उपचार..
पता - भिलाई रोड, भारती लॉन के सामने, लांजी मो. 8637707202



जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कांग्रेस कमेटी ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मनाई जयंती..

## जीवन चरित्र और बताया योगदान..





जगप्रेरणा लांजी।

***भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, संचार क्रांति के जनक एवं पंचायती राज व्यवस्था के पुरोधा स्वर्गीय राजीव गांधी की जन्मजयंती 20 अगस्त 2026 को***

स्थानीय एफएनडी होटल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला, नगर कांग्रेस कमेटी लांजी एवं युवा कांग्रेस विधानसभा लांजी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष रेवाजी करहाटकरे ने कहा कि भारत में कंप्यूटर एवं संचार क्रांति तथा आईटी क्षेत्र को नई दिशा देने में राजीव गांधी का योगदान अविस्मरणीय है। उनकी दूरदर्शी सोच ने भारत को आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की नींव मजबूत की। आज देश जिस तकनीकी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है, उसमें राजीव गांधी के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल दसरिया ने कहा कि देश में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में राजीव गांधी की सोच महत्वपूर्ण थी। इसके माध्यम से स्थानीय स्तर पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अधिकार एवं जिम्मेदारियां मिलीं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को लोकतंत्र से जोड़ने के लिए भी महत्वपूर्ण पहल की और मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष किए जाने से देश के युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ी।

जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति उमरे ने कहा कि राजीव गांधी की सोच एवं दूरदृष्टि आज भी देश के विकास और आमजन के उत्थान में प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी एवं उनके परिवार का देश के प्रति योगदान और बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनकी विचारधारा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। युवा कांग्रेस विधानसभा लांजी-किरनापुर के अध्यक्ष मनीष जुझार ने कहा कि राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शिता के माध्यम से देश को आईटी, संचार क्रांति और आधुनिकता की दिशा में आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की सोच और जज्बा आज उनके पुत्र राहुल गांधी में भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि देश को ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है, जो राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए देश सबसे पहले है, इसके बाद राजनीति, धर्म और पार्टी का स्थान है। कार्यक्रम का संचालन नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष सौरभ मोनू पशीने ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण की उनकी सोच को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अमन रमेंद्र श्रीवास्तव, भरतलाल बड़में, श्रीमती मंदा फकीरचंद नंदनवार, पूर्व पंच अशोक पालीवाल, जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट की महासचिव मनीषा रविंद्र धारने, रविंद्र धारने, श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे, कल्याण कालबले, मुरलीधर बावनथडे, कार्तिक बावनथडे, अनिल उईके, धनीराम वरकड़े, विश्वनाथ मोरघड़े, राम गिरीया, राजू मेंढे, योगेन्द्र मिश्रा, बब्लम खान, प्रवीण दुबे, राजू मस्करे, सोनिया उईके, पदमा पालेवार, मोनिका कौशिक, आसमा तिवारी, अंबिका मानकर, पूर्णिमा सोनवाने, अनीता हनोते एवं मंगला रामटेकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# रोजगार की तलाश में आवागमन करने वालो के लिए गोंदिया से हैदराबाद सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ करने की मांग



जगप्रेरणा लांजी।

***बालाघाट, गोंदिया सहित आसपास के क्षेत्रों से रोजगार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए हैदराबाद एवं दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों में आने-जाने वाले हजारों***

मजदूरों, कामगारों और यात्रियों के लिए गोंदिया से हैदराबाद के बीच नियमित ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए वर्तमान में सीमित विकल्प उपलब्ध होने के कारण यात्रियों को बसों सहित अन्य परिवहन साधनों पर निर्भर रहना पड़ता है।

इस संबंध में जनहित संदेश के माध्यम से रेलवे मंत्रालय, रेल प्रशासन एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से गोंदिया-हैदराबाद के बीच नियमित रेल सेवा शुरू करने के लिए आवश्यक पहल करने की अपील की गई है। मांगकर्ताओं का कहना है कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में हैदराबाद और अन्य औद्योगिक शहरों का रुख करते हैं। ऐसे में सीधी रेल सेवा उपलब्ध होने से यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और अपेक्षाकृत किफायती यात्रा का विकल्प मिल सकेगा।

### रोजगार के लिए बड़ी संख्या में होता है आवागमन..

बालाघाट जिले और गोंदिया क्षेत्र के अनेक परिवारों के सदस्य रोजगार के सिलसिले में हैदराबाद सहित दक्षिण भारत के विभिन्न शहरों में आवागमन करते हैं। मजदूरों और कामगारों के अलावा विद्यार्थी, छोटे व्यापारी तथा अन्य यात्रियों के लिए भी हैदराबाद तक सीधी रेल कनेक्टिविटी काफी उपयोगी साबित हो सकती है। पर्याप्त सीधी रेल सुविधा नहीं होने के कारण कई यात्रियों को बसों अथवा अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ता है।

### कम किराया और बेहतर सुविधा की उम्मीद..

गोंदिया से हैदराबाद के बीच नियमित ट्रेन सेवा शुरू होने से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को कई सुविधाएं मिलने की उम्मीद है। रेल यात्रा बसों की तुलना में कई यात्रियों के लिए अधिक सुविधाजनक और किफायती विकल्प हो सकती है। साथ ही यात्रियों को सामान ले जाने, यात्रा के दौरान अपेक्षाकृत अधिक सुविधा तथा लंबी दूरी में बेहतर यात्रा अनुभव का लाभ मिल सकेगा।

### आर्थिक विकास को भी मिलेगा बढ़ावा..

क्षेत्रवासियों का कहना है कि नियमित रेल सेवा का लाभ केवल यात्रियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इससे बालाघाट-गोंदिया क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को भी गति मिल सकती है। बेहतर रेल कनेक्टिविटी होने से रोजगार, व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़े शहरों तक पहुंच आसान होगी। गोंदिया को हैदराबाद से जोड़ने वाली नियमित ट्रेन क्षेत्र की लंबे समय से महसूस की जा रही परिवहन आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

### रेलवे मंत्रालय और जनप्रतिनिधियों से पहल की अपील

जनहित में उठाई गई इस मांग के माध्यम से रेलवे मंत्रालय, रेल प्रशासन तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया गया है कि बालाघाट-गोंदिया क्षेत्र की यात्री आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए गोंदिया-हैदराबाद के बीच नियमित ट्रेन सेवा शुरू करने की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार किया जाए।

मांगकर्ताओं के अनुसार, इस दिशा में सकारात्मक पहल होने पर इसका सीधा लाभ हजारों मजदूरों, कामगारों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों को मिल सकता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सुरक्षित सफर, किफायती किराया और बेहतर रेल कनेक्टिविटी के उद्देश्य से गोंदिया-हैदराबाद के बीच नियमित ट्रेन सेवा की मांग अब एक महत्वपूर्ण जनहित अपेक्षा बन गई है।

# नल्लेझरी में हुआ कुष्ट एवं चर्म रोग परिक्षण..







जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्र ग्राम नल्लेझरी में कुष्ठ एवं चर्म रोगों की पहचान के लिए सघन घर-घर खोज अभियान चलाया गया।***

अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ संभावित मरीजों की समय पर पहचान कर उन्हें नियमित उपचार उपलब्ध कराना रहा।

जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपल्प एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. ऋतिक पटेल के निर्देशन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय उपराड़े के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बैगा आदिवासी वन ग्राम के ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

इस दौरान घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों की जांच की गई और कुष्ठ रोग के लक्षणों के संबंध में जानकारी दी गई। संभावित रोगियों की पहचान होने पर उन्हें तत्काल आवश्यक जांच एवं नियमित उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र से जोड़ने की प्रक्रिया अपनाई गई। अभियान के दौरान ग्रामीणों को समझाया गया कि कुष्ठ रोग का समय पर उपचार संभव है और इसके लक्षण दिखाई देने पर बिना संकोच स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करना चाहिए। साथ ही कुष्ठ रोग को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा रोगियों के प्रति भेदभाव न करने का संदेश भी दिया गया।

जनजागरूकता के उद्देश्य से गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग की पहचान, बचाव और उपचार के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान में एनएमए आरिफहुसैन एवं आशा कार्यकर्ता ललिता मरावी की सक्रिय भूमिका रही।

कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थी एवं शिक्षक उमाकांत उईके, शिक्षिका राजकुमारी चौधरी, प्रीति वासनिक सहित ग्रामीण जयसिंह परते, पतिराम परते, जलसिंह परते, दुर्गेश मरावी, गोपाल मरावी, चतुर मरावी, कंकर मरावी, ताराचंद, छबिलाल यादव, डामर मरावी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार के संदिग्ध त्वचा रोग या कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्यकर्मियों को इसकी जानकारी दें, ताकि समय पर उपचार शुरू किया जा सके।

# हिर्री से कोटेश्वर धाम लांजी तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा

### सोन नदी के पवित्र जल से बाबा कोटेश्वर का जलाभिषेक कर भक्तिभाव से किया पूजन





जगप्रेरणा किरनापुर।

***क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हिर्री से मां कोराडी समिति के तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की भक्ति और आस्था से ओतप्रोत भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। कांवड़ यात्रा ग्राम हिर्री के शिव मंदिर से पूजन अर्चन कर प्रारंभ की गई।***

कोटेश्वर धाम लांजी के लिए रवाना हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर शामिल हुए और पूरे मार्ग में भगवान शिव के जयकारों बम बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव के समूचा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कांवड़ यात्रा में जनपद पंचायत किरनापुर के अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। यात्रा के दौरान श्रद्धालु उत्साह और उमंग के साथ पैदल चलते हुए भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते नजर आए। वहीं शिव स्वरूप धारण किए श्रद्धालु भी आकर्षण का केंद्र रहे।

श्रद्धालुओं ने पवित्र जल लेकर कोटेश्वर धाम लांजी पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए पूजन अर्चन किया। मां कोराडी समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कांवड़ यात्रा को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कांवड़ यात्रा ने धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

# प्राचीन पीपल का पेड़ धराशायी, टेमनी मार्ग पर आवागमन बाधित



जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम पंचायत भीमोड़ी में मुख्य तालाब के सामने स्थित वर्षों पुराना प्राचीन पीपल का विशाल काय पेड़ गुरुवार 20 अगस्त की देर शाम अचानक धराशायी हो गया।***

बताया गया कि शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच पेड़ गिरने से टेमनी मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे मार्ग पर आवागमन प्रभावित होने के साथ वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राचीन पीपल का पेड़ काफी पुराना और विशाल होने के कारण उसके धराशायी होने से सड़क के एक बड़े हिस्से पर पेड़ की शाखाएं एवं तना फैल गया। पेड़ के मार्ग पर गिर जाने से दोनों ओर से आने-जाने वाले वाहनों के लिए रास्ता बाधित हो गया। अचानक मार्ग बंद होने से स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ टेमनी मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में मार्ग को शीघ्र सुचारू कराने की आवश्यकता को लेकर चिंता दिखाई दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए सड़क पर गिरे पेड़ को जल्द से जल्द हटाकर यातायात व्यवस्था बहाल की जानी चाहिए।

मार्ग अवरुद्ध होने के कारण रात के समय विशेष रूप से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं पंचायत प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर गिरे पेड़ को तत्काल हटवाकर टेमनी मार्ग पर आवागमन सुचारू कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति निर्मित न हो और लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

## सावन मास में आध्यात्मिक संदेश..

# श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज में हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन..



जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्तर्गत महाविद्यालय श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नालॉजी, लांजी में श्रावण मास के पावन अवसर पर 19 अगस्त 2026 को सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:00 बजे भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी के पूजन-अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात् उपस्थित छात्र-छात्राएँ एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा सामूहिक रूप से सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया।

पुरे वातावरण में भक्ति एवं अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं के लिए महाप्रसादी का वितरण किया गया। महाविद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों एवं नैतिक जीवन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें।


मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# दो साल से जर्जर स्कूल की छत, दरारों के बीच पढ़ाई को मजबूर बच्चे..

### ग्रामीणों के घरों में लग रही कक्षाएं, बारिश में हादसे का खतरा बढ़ा, शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार बेखबर..





**जगप्रेरणा नैनपुर (मंडला)।**
ग्राम पंचायत गोझीधाम के पचलटोला स्थित प्राथमिक शाला भवन की जर्जर हालत बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्कूल भवन की छत में पिछले करीब दो वर्षों से बड़ी-बड़ी दरारें बनी हुई हैं। बरसात के मौसम में भवन की स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। हादसे की आशंका के चलते बच्चों को स्कूल भवन के बजाय ग्रामीणों के घरों में पढ़ाया जा रहा है।

ग्रामीणों के मुताबिक भवन की छत कमजोर हो चुकी है। बारिश के दौरान छत से पानी टपकने के साथ दीवारों में भी क्षति दिखाई दे रही है। ऐसे में स्कूल भवन में बच्चों को बैठाना जोखिम भरा होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर गांव के कुछ घरों में कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई..

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल भवन की खराब स्थिति को लेकर शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन को कई बार जानकारी दी गई, लेकिन अब तक न तो भवन की मरम्मत कराई गई और न ही नए भवन की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि दो साल से समस्या सामने होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं।


### तकनीकी परीक्षण की मांग..

अभिभावकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से स्कूल भवन का तत्काल तकनीकी परीक्षण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि भवन की वास्तविक स्थिति का आकलन कर आवश्यक मरम्मत या नए भवन की व्यवस्था जल्द की जानी चाहिए, ताकि बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिलना जरूरी है। यदि समय रहते जर्जर भवन की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी गंभीर हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल यह है कि दो साल से जर्जर पड़े इस स्कूल भवन की सुध जिम्मेदार कब लेंगे और बच्चों को सुरक्षित विद्यालय भवन कब मिलेगा?

# नदी घाट का निरीक्षण कर बांटी बचाव सामग्री, नाव संचालन को लेकर दिए निर्देश

### स्कूली बच्चों द्वारा नाव से नदी पार करने की सूचना पर प्रशासन सक्रिय..





**जगप्रेरणा मंडला।**
कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर मोहगांव थाना क्षेत्र के ग्राम झुरगी पोंडी में स्कूली बच्चों द्वारा नाव के माध्यम से नदी पार करने की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक दल ने मौके पर पहुंचकर नदी घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई और बचाव सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।

नायब तहसीलदार मोहगांव श्री चंद्र कुमार वट्टे, होमगार्ड कंपनी कमांडर श्री हेमराज परस्ते तथा थाना मोहगांव से सब इंस्पेक्टर लक्ष्मीकांत बिसेन ग्राम पंचायत झुरगी पहुंचे। मौके पर सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। प्रशासनिक टीम ने नदी घाट का निरीक्षण कर जलस्तर की मार्किंग कराई। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से होमगार्ड कार्यालय मंडला द्वारा ग्राम पंचायत को आवश्यक बचाव सामग्री उपलब्ध कराई गई।

इस दौरान ग्रामीणों को लाइफ बॉय और लाइफ जैकेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आपात स्थिति में बचाव कार्य किस प्रकार किया जाए, इसे लेकर ग्रामीणों को प्रशिक्षण भी दिया गया।

नाव संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि नदी का जलस्तर बढ़ने की स्थिति में नाव का संचालन नहीं किया जाए। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की कि बारिश के मौसम में नदी-नालों के जलस्तर को देखते हुए विशेष सावधानी बरतें और बच्चों को किसी भी स्थिति में असुरक्षित तरीके से नदी पार न करने दें। बच्चों की आवाजाही के लिए सुरक्षित साधनों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

# भाजपा कार्यालय में हुआ संत रविदास मंगल कलश पूजन एवं महारुद्राभिषेक





**जगप्रेरणा मंडला।**
संत शिरोमणि रविदास जी की मंगल यात्रा के तहत भोपाल से मंडला पहुंचे मंगल कलश का गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक भी विधि-विधान से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यालय परिसर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया गया। पूजन की शुरुआत भगवान गणेश के आव्हान के साथ हुई। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का दूध, दही, शहद सहित विभिन्न पूजन सामग्रियों से अभिषेक किया गया। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, पुष्पमाला और रुद्राक्ष अर्पित किए गए।

मुख्य आचार्य पंडित प्रमोद शुक्ल, पंडित राहुल दुबे एवं पंडित उपेंद्र उपाध्याय ने मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं पूजन संपन्न कराया। इस दौरान भाजपा कार्यालय परिसर धार्मिक वातावरण से सराबोर रहा। कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ एवं संत शिरोमणि रविदास जी के जयघोष लगाए।

### संतों के सानिध्य में हुआ मंगल कलश पूजन..

भोपाल से मंडला पहुंचे संत शिरोमणि रविदास मंगल कलश का पूजन संत साध्वी मनीषा दीदी, मां रेवा आश्रम शिलपुरा एवं संत रामदास जी महाराज, सहस्त्रधारा आश्रम के सानिध्य में किया गया। मंगल कलश को आगामी चरण में मंडल एवं बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा, जहां कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन किया जाएगा।

### गांव-गांव पहुंचेगा संत रविदास जी का संदेश

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उईके ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज को समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होने की प्रेरणा देते हैं। मंगल कलश यात्रा के माध्यम से संत रविदास जी के संदेश को गांव-गांव और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता और मानवता के लिए समर्पित रहा। उनके विचार समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने की प्रेरणा देते हैं। मंडला में मंगल कलश का स्वागत एवं पूजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया है। अब इसे मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाकर संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।पूजन-अर्चन के पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद मंगल कलश का विधिवत पूजन कर आगामी यात्रा के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांच की बोतल में विराजे भोलेनाथ, त्रिलोक सिंधिया की अनोखी कला..

### कांच तोड़े बिना बोतल के अंदर उकेरा अद्भुत शिवलिंग, 20 से 25 दिन में तैयार हुई कलाकृति..






**जगप्रेरणा मंडला।**
सावन के पावन माह में जहां श्रद्धालु भगवान शिव की आराधना में लीन हैं, वहीं मंडला के नेशनल अवार्ड से सम्मानित कलाकार त्रिलोक सिंधिया ने अपनी अनोखी कला के जरिए महादेव को कांच की एक छोटी सी बोतल में विराजमान कर दिया है। खास बात यह है कि इस कलाकृति को तैयार करने के दौरान बोतल को तोड़ा नहीं गया। पहली नजर में यह कलाकृति किसी चमत्कार से कम नहीं लगती।

### बर्फीली वादियों के बीच नजर आते हैं महादेव..

त्रिलोक सिंधिया ने प्रयोगशाला में उपयोग होने वाली कांच की बोतल के भीतर बेहद बारीकी से शिवलिंग तैयार किया है। शिवलिंग के आसपास की सजावट इसे ऐसा रूप देती है, मानो भगवान भोलेनाथ बर्फ से ढकी सफेद वादियों के बीच विराजमान हों। कलाकार के अनुसार इस सूक्ष्म कलाकृति को तैयार करने में करीब 20 से 25 दिन का समय लगा।

### चिमटी, गोंद और बांस की सींक से साकार हुई कलाकृति..

बोतल के अंदर इतनी छोटी जगह में कलाकारी करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। त्रिलोक इसके लिए चिमटी, गोंद और बांस की बेहद बारीक सींक जैसे साधारण औजारों का इस्तेमाल करते हैं। बोतल के भीतर काम करते समय जरा सी असावधानी पूरी मेहनत को खराब कर सकती है। ऐसे में इस कला के लिए धैर्य, एकाग्रता और महीन हाथों की जरूरत होती है।

### बोतल के भीतर बना चुके हैं कई ऐतिहासिक धरोहरें..

त्रिलोक सिंधिया की कला का दायरा केवल शिवलिंग तक सीमित नहीं है। वे इससे पहले कांच की बोतलों के भीतर इंडिया गेट, लाल किला, राम मंदिर और ताजमहल जैसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहरों की प्रतिकृतियां भी तैयार कर चुके हैं।

उनकी यह कला संदेश देती है कि किसी हुनर को बड़ा बनाने के लिए साधनों का बड़ा होना जरूरी नहीं, बल्कि जुनून, धैर्य और मेहनत का होना जरूरी है। सावन में बोतल के भीतर साकार हुए भोलेनाथ की यह अनूठी कलाकृति मंडला की कला प्रतिभा को एक अलग पहचान दे रही है।

# अवैध खनन एवं यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

### कानून व्यवस्था के संबंध में पुलिस-प्रशासन की बैठक आयोजित..




**जगप्रेरणा मंडला।**
कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे एवं पुलिस अधीक्षक श्री राजेश रघुवंशी के नेतृत्व में जिले की कानून व्यवस्था,अवैध खनन, यातायात प्रबंधन तथा नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवैध खनिज खनन एवं परिवहन के प्रकरणों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक अवैध खनन एवं परिवहन के 72 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी एवं नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान डंपर एवं ट्रैक्टर द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन, ड्रिंक एंड ड्राइव, बिना लाइसेंस वाहन चलाने तथा क्षमता से अधिक भार परिवहन के मामलों में सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों से हिट एंड रन के प्रकरणों का नियमित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को भी कहा गया। बैठक में एन सी ओ आर डी समिति के अंतर्गत नशे के विरुद्ध संचालित अभियान की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निरंतर अभियान चलाने तथा आमजन के बीच जनजागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एडीएम श्री हुनेन्द्र घोरमारे, प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देवहार पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी नदारद, ग्राहकों ने जताया विरोध..




**जगप्रेरणा नारायणगंज/मंडला।**
ग्राम पंचायत देवहार में संचालित पोस्ट ऑफिस की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी सामने आई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रहे हैं। मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व पर भी कार्यालय में कर्मचारी की मौजूदगी नहीं होने की बात सामने आई।

ग्रामीणों के अनुसार, पोस्ट ऑफिस कर्मचारी से फोन पर संपर्क करने पर बताया गया कि देवहार पोस्ट ऑफिस की आईडी करीब डेढ़ महीने से बंद है। इसके चलते वे देवहार के बजाय नारायणगंज मुख्यालय में बैठकर कार्य कर रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस व्यवस्था के कारण देवहार क्षेत्र के लोगों को डाकघर से जुड़ी सेवाओं के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

### आईडी बंद होने से गांव में डाकघर संचालन पर सवाल..

ग्रामीणों का सवाल है कि यदि किसी कर्मचारी की आईडी बंद है या तकनीकी समस्या के कारण काम प्रभावित हो रहा है, तो उसका समाधान विभागीय स्तर पर किया जाना चाहिए। तकनीकी समस्या का खामियाजा आम जनता को क्यों भुगतना पड़े? ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर डाक सेवा के साथ-साथ बैंकिंग, बचत योजनाओं और अन्य जरूरी सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र है।

### स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालय सूना रहने का आरोप..

ग्रामीणों की नाराजगी इस बात को लेकर भी है कि 15 अगस्त को देशभर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण और राष्ट्रीय पर्व के कार्यक्रम आयोजित किए गए, लेकिन देवहार पोस्ट ऑफिस में कर्मचारी की मौजूदगी नहीं होने की बात सामने आई। ग्रामीणों ने इसे गंभीरता से लेते हुए डाक विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

### कर्मचारी ने दी अपनी सफाई..

मामले में संबंधित कर्मचारी का कहना है कि उन्होंने पहले देवहार पोस्ट ऑफिस में अपनी उपस्थिति दी थी, लेकिन वहां आईडी उपलब्ध नहीं होने के कारण वर्तमान में नारायणगंज मुख्यालय में बैठकर कार्य कर रही हैं। कर्मचारी के अनुसार देवहार ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्राहकों से संबंधित डाकघर का काम भी उनके द्वारा किया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि आज तक किसी ग्राहक की ओर से उनके विरुद्ध कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### विभागीय जांच से सामने आएगी वास्तविक स्थिति..

ग्रामीणों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच में यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि देवहार पोस्ट ऑफिस की आईडी कब से बंद है, आईडी बंद होने का वास्तविक कारण क्या है, उसे चालू कराने के लिए विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई और क्या संबंधित कर्मचारी को नारायणगंज मुख्यालय में बैठकर देवहार क्षेत्र का काम करने की अनुमति दी गई है।

ग्रामीणों की मांग है कि देवहार पोस्ट ऑफिस को निर्धारित स्थान से नियमित रूप से संचालित कराया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को डाक विभाग की सेवाओं के लिए नारायणगंज मुख्यालय पर निर्भर न रहना पड़े।

ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंचाने की बात करती है, तो गांव में संचालित पोस्ट ऑफिस की सेवाएं भी ग्रामीणों को गांव में ही मिलनी चाहिए। अब देखना यह है कि ग्रामीणों की शिकायत और सामने आए सवालों पर डाक विभाग के जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

हाजरा फॉल के प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटकों की पसंद..

# मानसून पर्यटन हुआ गुलजार, हाजरा फॉल से लाखों का राजस्व..

## युवाओं को मिल रहा रोजगार..

जगप्रेरणा सालेकसा।

***जब बारिश की फुहारों से प्रकृति हरे रंग की चादर ओढ़ लेती है, तब सालेकसा तहसील के प्रसिद्ध हाजरा फॉल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन जाता है।***



पहाड़ों और घाटियों से कल-कल करते हुए गिरता झरना, आसपास की मनोरम वनराई और बारिश के मौसम का खुशनुमा वातावरण इन दिनों हाजरा फॉल पर पर्यटकों की बड़ी भीड़ को आकर्षित कर रहा है। पर्यटन की इस बढ़ती आवाजाही से जहां शासन को राजस्व प्राप्त हो रहा है, वहीं स्थानीय नागरिकों को रोजगार भी मिल रहा है।

15 अगस्त 2026 को हाजरा फॉल से कुल 1 लाख 35 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसके बाद 16 अगस्त को 78 हजार रुपये, जबकि नागपंचमी के पर्व के अवसर पर 17 अगस्त को 32 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। विशेष रूप से जुलाई 2026 के एक ही महीने में हाजरा फॉल से 3 लाख 95 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इससे हाजरा फॉल केवल प्राकृतिक सौंदर्य का स्थल न रहकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सहारा देने वाले महत्वपूर्ण पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है।

पर्यटन स्थल के प्रबंधन के लिए संयुक्त वन प्रबंधन समिति के माध्यम से लगभग 35 स्थानीय नागरिकों को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया गया है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या स्थानीय लोगों के लिए आशा की नई किरण साबित हो रही है। विभिन्न सेवाओं, प्रबंधन, स्वच्छता तथा अन्य पर्यटन संबंधी कार्यों के माध्यम से स्थानीय लोगों को आय का साधन उपलब्ध हुआ है। दुर्गम एवं आदिवासी क्षेत्र के नागरिकों के लिए पर्यटन के माध्यम से उपलब्ध हो रहे ये रोजगार के अवसर निश्चित रूप से आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहे हैं।

इस बीच, पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए हाजरा फॉल परिसर में पर्यटकों की सुरक्षा, स्वच्छता और आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। वन विभाग तथा समिति के माध्यम से पर्यटकों को सुरक्षित, अनुशासित और आनंददायी पर्यटन का अनुभव मिले, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इस पूरे उपक्रम के लिए पवनकुमार जोंग, उपवनसंरक्षक, सचिन डोंगरवार, सहायक वनसंरक्षक, वाळके, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, जे. जी. खान, क्षेत्र सहायक, बिसेन, वनरक्षक तथा संयुक्त वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गोविंद मरास्कोल्हे का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन में हाजरा फॉल परिसर में पर्यटन प्रबंधन को अधिक सक्षम बनाने के साथ-साथ पर्यटकों की सुरक्षा, स्वच्छता और स्थानीय रोजगार सृजन पर जोर दिया जा रहा है।

प्रकृति द्वारा मुक्तहस्त से बिखेरी गई सुंदरता का अनुभव कराने वाला हाजरा फॉल वर्तमान में पर्यटकों की आवाजाही से गुलजार है। एक ओर झरने की झागदार धारा के माध्यम से प्रकृति के मनमोहक रूप का अनुभव होता है, वहीं दूसरी ओर इसी पर्यटन से स्थानीय लोगों के हाथों को काम और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है।

इसलिए 'प्रकृति पर्यटन और स्थानीय विकास' का सुंदर संगम कराने वाला हाजरा फॉल आने वाले समय में सालेकसा तहसील के पर्यटन मानचित्र पर और अधिक प्रमुखता से उभरने की संभावना है।

# जरूरतमंद मरीजों के लिए मोक्षधाम सेवा समिति एवं युवा सेवा समिति की सराहनीय पहल..

जगप्रेरणा सालेकसा।

***मोक्षधाम सेवा समिति सालेकसा तथा युवा सेवा समिति सालेकसा के संयुक्त तत्वावधान में बीमार, असक्त एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए***





निःशुल्क हॉस्पिटल बेड एवं व्हीलचेयर उपलब्ध कराने की समाजोपयोगी पहल शुरू की गई। इस सुविधा का लोकार्पण गुरुवार, 20 अगस्त 2026 को कृषि कार्यालय के समीप आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सवालरामजी बाहेकार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्री राजूजी खुशाल चुटे तथा सालेकसा नगर पंचायत के प्रथम नागरिक एवं नगराध्यक्ष श्री विजयभाऊ फुंडे उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजूजी चुटे द्वारा जरूरतमंद मरीजों की सेवा के लिए एक हॉस्पिटल बेड दान किया गया, जबकि एक व्हीलचेयर गुप्तदान के रूप में प्राप्त हुई।

इस अवसर पर अपने मनोगत में राजूजी चुटे ने कहा कि समाज के जरूरतमंद एवं असहाय लोगों की सेवा करना प्रत्येक व्यक्ति का सामाजिक दायित्व है। मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की यह पहल मानवसेवा की दिशा में एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने नागरिकों से भी ऐसे समाजोपयोगी कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया। बृजभूषण बैस ने समिति के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क बेड एवं व्हीलचेयर की सुविधा निश्चित रूप से परिवारों के लिए बड़ी मदद साबित होगी। ऐसे कार्य समाज में सहयोग एवं मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं कुलतारसिंह बैस ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बीमारी के समय कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में निःशुल्क हॉस्पिटल बेड और व्हीलचेयर जैसी सुविधा उनके लिए काफी उपयोगी साबित होगी। उन्होंने समिति के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे निरंतर आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। नगराध्यक्ष विजयभाऊ फुंडे ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद मरीजों के लिए शुरू की गई यह सुविधा सालेकसा क्षेत्र के लिए उपयोगी एवं अनुकरणीय पहल है। उन्होंने नगर पंचायत की ओर से इस प्रकार के समाजहित के कार्यों को आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा नागरिकों से भी ऐसे कार्यों में आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सवालरामजी बाहेकार इन्होने मोक्षधाम सेवा समिति एवं युवा सेवा समिति के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बीमार, असहाय एवं जरूरतमंद मरीजों की सेवा से बढ़कर कोई दूसरी मानवसेवा नहीं है। इस पहल को भविष्य में भी निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक इसका लाभ पहुंचाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम की प्रस्तावना सुनील असाटी ने की, जबकि मंच संचालन मायकल मेश्राम ने किया। इस अवसर पर सालेकसा के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जरूरतमंद मरीजों के लिए निःशुल्क हॉस्पिटल बेड एवं व्हीलचेयर की सुविधा शुरू होने से क्षेत्र के नागरिकों ने मोक्षधाम सेवा समिति एवं युवा सेवा समिति की इस पहल का स्वागत किया है।

# कोटरा का पशु चिकित्सालय रामभरोसे

जगप्रेरणा सालेकसा।

***सालेकसा तहसील के कोटरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कृषि व्यवसाय किया जाता है। कृषि के साथ-साथ यहां बड़ी संख्या में पशुपालक पशुपालन व्यवसाय पर निर्भर हैं। पशुपालकों के पशुओं के उपचार के लिए***



में गट 'ब' स्तर का पशु चिकित्सालय संचालित है। इस अस्पताल में पशु चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. रविंद्र फरदे की नियुक्ति है। हालांकि, पशुपालकों के अनुसार पिछले छह महीनों से डॉ. रविंद्र फरदे नियमित रूप से पशु चिकित्सालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इसके कारण पशुपालकों के पशुओं को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में बारिश का मौसम होने के कारण पशुओं में विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में पशु चिकित्सक की अनुपस्थिति से पशुपालकों की चिंता और बढ़ गई है। कोटरा निवासी पशुपालक हरिचंद डोये की गाय का बछड़ा बीमार होने के कारण वे उसे लेकर कई बार पशु चिकित्सालय पहुंचे, लेकिन वहां नियुक्त पशु चिकित्सा अधिकारी के उपस्थित नहीं होने से बछड़े को समय पर उपचार नहीं मिल सका। परिणामस्वरूप उसकी हालत लगातार गंभीर होती जा रही है।

इस संबंध में पशुपालक ने जब डॉ. रविंद्र फरदे से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि उनके पास पूरे तहसील के पशु चिकित्सालयों का अतिरिक्त प्रभार है। इसी कारण वे कोटरा के पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं। पशुपालकों का कहना है कि कोटरा जैसे कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर क्षेत्र में पशु चिकित्सक की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। बारिश के मौसम में पशुओं के बीमार होने की संभावना अधिक रहती है। ऐसे में पशुओं का समय पर उपचार नहीं मिलने से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

इस स्थिति के चलते कोटरा का पशु चिकित्सालय 'रामभरोसे' हो गया है। पशुपालकों ने संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि कोटरा पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से पशु चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं को समय पर उपचार मिल सके और पशुपालकों की समस्या का तत्काल समाधान हो।

# गोंदिया में जश्न-ए-आजादी की 80वीं सालगिरह हर्षोल्लास से मनाई

## बी.एन. आदर्श सिंधी विद्या मंदिर सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में विविध कार्यक्रम, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान..



जगप्रेरणा प्रा.राकेश रोकडे सालेकसा।

***सिंधी शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित बी.एन. आदर्श सिंधी विद्या मंदिर हाईस्कूल एवं कला कनिष्ठ महाविद्यालय, स्वामी टेऊंराम आदर्श इंग्लिश स्कूल एवं कॉमर्स कनिष्ठ महाविद्यालय,***

श्रीमती मायादेवी सतरामदास चांदवानी आदर्श सिंधी विद्या मंदिर प्राथमिक शाला तथा निर्मलदास पृथ्वानी आदर्श बालक मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रगान एवं वंदे मातरम् के गायन से वातावरण देशभक्तिमय हो गया। इसके पश्चात संस्था पदाधिकारियों एवं समाज के गणमान्य नागरिकों ने विधायक विनोद अग्रवाल का शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिह्न देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंधी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता इंद्रकुमार होतचंदानी ने की। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल के हस्ते नवीन भवन का उद्घाटन भी किया गया।

कार्यक्रम में सिंधी जनरल पंचायत गोंदिया के अध्यक्ष दरयानोमल आसवानी, भारतीय सिंधु सभा के जिलाध्यक्ष महेश आहूजा, बढ़ते कदम सिंधु सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष महेश लालवानी, संरचनात्मक सलाहकार सागर बालानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अध्यक्ष अधिवक्ता इंद्रकुमार होतचंदानी ने अपने संबोधन में संस्था एवं विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक परिवेश में शिक्षा के साथ संस्कार एवं जीवन-मूल्यों का समावेश भी आवश्यक है। विधायक विनोद अग्रवाल ने सिंधी समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि विभाजन की त्रासदी से उबरकर सिंधी समाज ने अल्प समय में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर मिसाल कायम की है। उन्होंने संस्था को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

दरयानोमल आसवानी ने संस्था द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। महेश लालवानी ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सागर बालानी ने कहा कि विद्यालय केवल ईंट-पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की मेहनत से उसका वास्तविक स्वरूप तैयार होता है।

इस अवसर पर बी.एन. आदर्श सिंधी विद्या मंदिर हाईस्कूल एवं कला कनिष्ठ महाविद्यालय की ओर से सामाजिक अध्ययन विषय पर इतिहास, भूगोल एवं राजनीति विज्ञान की प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज, इतिहास, भूगोल, संस्कृति एवं सभ्यता के प्रति समझ विकसित करने के साथ उनकी रचनात्मक एवं व्यावहारिक क्षमता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, नृत्य, भाषण एवं अबेकस उपक्रम सहित विविध प्रस्तुतियां दीं।

### मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान..

हाईस्कूल वर्ग में हरिकिशन जुगलकिशोर धुवारे ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, राज महेंद्र पारधी ने 87.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा आस्था अजयसिंह राठौड़ ने 85.80 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर आर्ट्स कॉलेज कक्षा 12वीं में अरमान अनवर उके 85.33 प्रतिशत के साथ प्रथम, तुलसी प्रह्लाद यादव 80.17 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा लविना धनराज खुर्रा 77.17 प्रतिशत के साथ तृतीय रहीं। महाराष्ट्र राज्य पुणे छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विवान मेश्राम, अलीशा सेलकर, आरोही यादव, आरोही चौहान, खुशी चुटे एवं निधि चौरे को सम्मानित किया गया। खुशी चुटे का एनएमएमएस परीक्षा में छात्रवृत्ति के लिए चयन होने पर भी अभिनंदन किया गया।

स्वामी टेऊंराम आदर्श इंग्लिश स्कूल की कक्षा 10वीं में धीरज दीपक सेवलानी ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर कॉमर्स कॉलेज की कक्षा 12वीं में राम शरद थावानी ने 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली जोया शकील अंसारी एवं सुप्रिया सुनिल जायसवाल को भी सम्मानित किया गया।

नेटबॉल चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी हेमेंद्र कुमार हलमारे का विशेष सम्मान किया गया। स्वर्गीय छांगाराम लधानी की स्मृति में उनके पुत्र मनोहरलाल लधानी द्वारा विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई।

कार्यक्रम का संचालन रमेश तनवानी, निखिलेश मिश्रा, ललिता धुवारे, रविता पालेवार एवं दिशा गलानी ने किया। आभार प्रदर्शन प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य जयदेव तोलानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हाईस्कूल प्राचार्या संगीता मटानी, इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य रमेश तनवानी, प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य जयदेव तोलानी, पर्यवेक्षक डॉ. मनिषराय मुक्ता, सुशांत वासनिक, पर्यवेक्षिका राजेश्वरी अथिया सहित सुनीता ज्ञानचंदानी, कोमल भगतानी, स्नेहदीप कोकाटे, दीपा चांदवानी, अल्का हरिनखेड़े, पूजा तनवानी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने योगदान दिया।

# यात्री सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ा-मंडलाफोर्ट पैसेंजर की समय-सारणी में बदलाव..

## ट्रेन संख्या 58823 छिंदवाड़ा-मंडलाफोर्ट पैसेंजर की संशोधित समय-सारणी 22 अगस्त 2026 से लागू..

जगप्रेरणा गोंदिया।

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ा-मंडलाफोर्ट पैसेंजर के परिचालन समय में संशोधन किया गया है। यह संशोधित समय-सारणी 22 अगस्त 2026 से प्रभावी होगी।

### संशोधित समय- सारणी का विवरण इस प्रकार है

संशोधित समय के अनुसार गाड़ी संख्या 58823 अपने प्रारंभिक स्टेशन छिंदवाड़ा से 07:15 बजे रवाना होकर घाटपरासिया हॉल्ट आगमन 07:25 बजे प्रस्थान 07:26 बजे, उमरिया इसरा हॉल्ट आगमन 07:30 बजे प्रस्थान 07:31 बजे, झिलमिली आगमन 07:37 बजे प्रस्थान 07:39 बजे, मरकाहांडी हॉल्ट आगमन 07:45 बजे प्रस्थान 07:46 बजे, चौरई आगमन 07:55 बजे प्रस्थान 07:57 बजे, कपूरधा हॉल्ट आगमन 08:03 बजे प्रस्थान 08:04 बजे, समसवाड़ा हॉल्ट आगमन 08:08 बजे प्रस्थान 08:09 बजे, पिपरडाही आगमन 08:18 बजे प्रस्थान 08:20 बजे, मातृधाम हॉल्ट आगमन 08:29 बजे प्रस्थान 08:30 बजे, सिवनी स्टेशन आगमन 08:45 बजे प्रस्थान 08:50 बजे, भोमा आगमन 09:11 बजे प्रस्थान 09:13 बजे, कान्हीवाड़ा हॉल्ट आगमन 09:19 बजे प्रस्थान 09:20 बजे, जुर्तरा हॉल्ट आगमन 09:25 बजे प्रस्थान 09:26 बजे, पलारी आगमन 09:33 बजे प्रस्थान 09:35 बजे, खैरी हॉल्ट आगमन 09:43 बजे प्रस्थान 09:44 बजे, केवलारी आगमन 09:51 बजे प्रस्थान 09:53 बजे, बोथिया आगमन 09:58 बजे प्रस्थान 09:59 बजे, गंगाटोला हॉल्ट आगमन 10:04 बजे प्रस्थान 10:05 बजे, खैररांजी हॉल्ट आगमन 10:11 बजे प्रस्थान 10:12 बजे, नैनपुर जंक्शन आगमन 11:20 बजे प्रस्थान 11:30 बजे, धतूरा अलीपुर हॉल्ट आगमन 11:37 बजे प्रस्थान 11:38 बजे, जामगांव हॉल्ट आगमन 11:42 बजे प्रस्थान 11:43 बजे, रामपुरी हॉल्ट आगमन 11:49 बजे प्रस्थान 11:50 बजे, चिरईडोंगरी आगमन 11:55 बजे प्रस्थान 11:57 बजे, सिमरिया कजरवाड़ा हॉल्ट आगमन 12:03 बजे प्रस्थान 12:04 बजे, बम्हनी बंजर हॉल्ट आगमन 12:10 बजे प्रस्थान 12:11 बजे, लिमरुआ हॉल्ट आगमन 12:17 बजे प्रस्थान 12:18 बजे एवं मंडला फोर्ट स्टेशन पर 12:30 बजे पहुंचेगी।

संशोधित समय-सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 58823 छिंदवाड़ा से 07:15 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों एवं हॉल्ट पर निर्धारित ठहराव के बाद 12:30 बजे मंडला फोर्ट पहुंचेगी।

इस प्रकार गाड़ी संख्या 11202 शहडोल नागपुर एक्सप्रेस से जबलपुर से नैनपुर जंक्शन आकर जिस भी यात्री को मंडला फोर्ट जाने के यह पैसेंजर लिया जा सकता है7

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे 22 अगस्त 2026 से संशोधित समय-सारणी का ध्यान रखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाएं तथा निर्धारित समय से पूर्व संबंधित स्टेशन पर पहुंचें।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### खडी दो टु विलर को टक्कर मारकर किया नुकसान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत आर्थिक नुकसान का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/8/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान नागरा मे फर्यादी राजकुमार धनलाल सिहारे उम्र 32 वर्ष निवासी नागरा अपनी चेतक स्कुटी से गोंदिया आ रहा था। बारिश चालू होने से वह नागरा मे अपनी गाड़ी साईड मे लगा कर खडा था। उसी समय बालाघाट की ओर से आ रही फोरव्हीलर वाहन क्रमांक एम एच 02 ए वाय 1265 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर फर्यादी की स्कुटी क्रमांक एम एच 35 बी ई 4861 और बाजु मे खडी होंडा शाईन क्रमांक एम एच 35 ए व्ही 1180 को टक्कर मारकर दोनो गाडी का कुल 1 लाख 40 हजार रुपये का नुकसान करने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 475/2026 धारा 281 भान्यास 2023 सहकलम 184 मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा बहेकार 80 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### सहकारी संस्था के गोडाऊन से धान के कट्टे की चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 10/8/2026 से दिनांक 19/8/2026 के दरम्यान बरडटोली मे विविध कार्यकारी सहकारी संस्था मर्या. अर्जुनी मोर मे अज्ञात चोर ने खिडकी तोड़कर प्रवेश किया और गोडाऊन से 40 धान के कट्टे 1894 रुपये का माल चुराकर ले जाने से फर्यादी गुलचंद राधेश्याम बावणे उम्र 29 वर्ष निवासी ताडगाव की शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 353/2026 धारा 331,3,331,4,305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा महेन्द्र पुण्यप्रेडडीवार 227 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### चांवल फेकने की बात पर समझाने गई युवक से मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/8/2026 के सुबह 8 बजे के दरम्यान गणखैरा मे आरोपी ने फर्यादी के हाथ के चावल फेका महीला फर्यादी ने कहा क्यो चावल फेका हम काम पर भुके जायेंगे क्या ? आवाज सुनकर फर्यादी के पती आये तो आरोपी ने गालीगलोच कर लकड़ी से सर पर मारकर जख्मी किया और कहा की यहां से दोनो निकल जाओ नही तो मार दुंगा धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 474/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा कोरे 1507 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोंस की जांच ■ हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अश्टविनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# भंडारा में पार्टी कार्यकर्ताओं और नागरिकों से मुलाकात कर सांसद प्रफुल पटेल ने किया समस्याओं का समाधान



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सांसद प्रफुल पटेल दो दिवसीय भंडारा एवं गोंदिया जिले के दौरे पर हैं। इस दौरान सर्वप्रथम आज शासकीय विश्रामगृह, भंडारा में उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया, तथा नागरिकों से मुलाकात कर समस्याएं एवं निवेदन स्वीकार कर उन्हें उचित स्तर पर हल कराने का***

आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद प्रफुल पटेल ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी समय में पार्टी की संगठनात्मक ताकत बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य करें।

आम जनता के साथ लगातार संपर्क रखें तथा पार्टी की विचारधारा, उद्देश्यों एवं नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर काम करने और जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद राजेंद्र जैन, विधायक राजूभाऊ कारेमोरे, जिलाध्यक्ष नानाभाऊ पंचबुद्धे, धनंजय दलाल, देवेंद्रनाथ चौबे, महेंद्र गडकरी, राजू हेडाऊ, हेमंत महाकाळकर, जगदीश निंबार्ते, नरेंद्र झंझाड, उमेश तुरकर, लक्ष्मी सावरकर, सरिता ताई मदनकर, यशवंत सोनकुसरे, रजनीश बनसोड, राजू पटेल, लोमेश वैद्य, विजय सावरबंधे, बालूभाऊ चुन्ने, राजू माटे, मनीष वासनिक, राहुल निर्वाण, गणेश चौधरी, अमन मेश्राम, जवाहर निर्वाण, हितेश सेलोकर, एड. नेहा शेंडे, मंजुषा बुरडे, कीर्ति गणवीर, आरजू मेश्राम, रुपेश खवास, रिंकू शर्मा, कृष्णा उपरीकर, सदाशिव ढेंगे, आनंद मलेवार, महादेव पचघरे, जगदीश ऊके, भूपेंद्र नागफासे, राजेश वासनिक, अमर उजवणे, प्रशांत देशकर, महेंद्र वाहने, सरोज भुरे, रुपेश टांगले, रत्नमाला चिटूले, सुनीता उपरीकर, राजेश डोरले, जितेंद्र बोंद्रे, राकेश राऊत, विजुभाऊ खेडीकर, मुकेश बावनकर, विजय पारधी, मेहमूदभाई, अंबादास मंदुरकर, रवींद्र पवनकर सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंत्री उदय सामंत और आशीष जायसवाल की उपस्थिति में

# शिवसेना की समीक्षा बैठक आज गोंदिया में..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***शिवसेना के संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, 'गांव-गांव में शाखा और घर-घर में शिवसैनिक' के संकल्प को साकार करने तथा महायुति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से गोंदिया में 'शिवसेना संगठन समीक्षा बैठक' का भव्य आयोजन किया गया है। यह बैठक आज 21 अगस्त को दोपहर 2 बजे कन्हारटोली स्थित पोवार बोर्डिंग सभागृह में संपन्न होगी।***

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में महाराष्ट्र के उद्योग एवं मराठी भाषा मंत्री डॉ. उदय सामंत, कृषि, वित्त एवं नियोजन राज्यमंत्री एड. आशीष जायसवाल, भंडारा-पवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र भोंडेकर, पूर्व विदर्भ संगठक किरण पांडव तथा भंडारा-गोंदिया लोकसभा संपर्क प्रमुख विलास चावरी उपस्थित रहेंगे। मंत्रियों एवं प्रमुख अतिथियों के गोंदिया आगमन पर शिवसेना की ओर से फुलचूर नाका

**भव्य स्वागत रैली के साथ कराया जायेगा नगर प्रवेश, विधानसभा आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर होगा मंथन..**

पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद फुलचूर नाका से पोवार बोर्डिंग सभागृह तक मोटरसाइकिल और कार रैली के साथ नगर में प्रवेश कराते हुए भव्य रैली के रुप में शिवसैनिक अपने नेताओं को लेकर पोवार बोर्डिंग पहुंचेंगे, जहां पर शिवसेना की समीक्षा बैठक संपन्न होगी।

### स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर रहेगा जोर

दोपहर 2 बजे शुरू होने वाली बैठक में जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की संगठनात्मक स्थिति की विस्तार से समीक्षा की जाएगी। आगामी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने, वार्ड एवं बूथ स्तर की संरचना तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तृत मंथन किया जाएगा।

### सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प

बैठक में महायुति सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गोंदिया जिले के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक किस प्रकार पहुंचाया जाए, इस विषय पर भी चर्चा की जाएगी। उपस्थित पदाधिकारियों और शिवसैनिकों को इस संबंध में मार्गदर्शन दिया जाएगा।

बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील

समीक्षा बैठक में जिले के सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शिव सैनिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने की अपील शिवसेना जिलाप्रमुख रुपेश (सोनूभाऊ) कुथे (गोंदिया-तिरोड़ा), जिला प्रमुख सुरेंद्र नायडू (आमगांव-अर्जुनी मोरगांव), जिला संगठक इंजी. राजीव ठकरेले, महिला जिला प्रमुख ज्योति लिल्हारे, विधानसभा संगठक राहुल पेंढारकर, शहर प्रमुख कमलेश नशीने और तहसील प्रमुख प्रीतम बोपचे ने की है।

# गोंदिया पधार रहे डॉ. उदय सामंत, आशीष जायसवाल, किरण पांडव का शिवसैनिक भव्य अभिनंदन करें.. - मुकेश शिवहरे



जगप्रेरणा गोंदिया।

***बालासाहेब ठाकरे के विचारों पर निरंतर अग्रसित होते हुए माननीय उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे साहब के नेतृत्व में संपूर्ण महाराष्ट्र में शिवसेना संगठन का अपेक्षाकृत विस्तार हुआ है, तथा इसी के साथ गोंदिया जिले में भी शिवसेना संगठन का निरंतर विस्तार हो रहा है।***

हिन्दुत्व और सनातन की विचारधारा पर राष्ट्रभक्ति की भावना से बढ़ते हुए आज के युवाओं की भी प्रेरणा शिवसेना है। यही कारण है कि गोंदिया जिले में भले ही शिवसेना विगत कुछ वर्षों से उम्मीदवारी से दूर कर दी गई है, लेकिन एकनाथ शिंदे साहब के नेतृत्व में अब शिवसेना ग्राम पंचायत से लेकर जिला परिषद और नगर पालिका चुनावों तक में पूरी ताकत से प्रदर्शन करेगी, और गोंदिया जिले में भी शिवसेना संगठन का और अधिक विस्तार भी होगा, तथा आगामी विधानसभा चुनाव में शिवसेना के उम्मीदवार भी मैदान में अवश्य होंगे। शिवसेना संगठन को ऐसे ही विस्तार देने के लिये आज शिवसेना के नेते राज्य के मंत्री डॉ. उदय सामंत, आशीष जायसवाल, पूर्व विदर्भ संघटक किरण पांडव, आमदार नरेन्द्र भोंडेकर आदि वरिष्ठ नेताओं का गोंदिया आगमन होने जा रहा है।

इस अवसर पर संपूर्ण गोंदिया जिले के शिवसैनिक वरिष्ठ नेताओं का भव्य अभिनंदन करें, और उनके मार्गदर्शन में आयोजित सभा में उपस्थित होकर संगठन को और अधिक बल प्रदान करें, ऐसा आहवान गोंदिया जिले के शिवसेना नेता मुकेश शिवहरे ने किया है।

# आज नहीं बचाया जल, तो एक लीटर पानी 100 रुपए में पियोगे कल'- विधायक विनोद अग्रवाल

### चुलोद में विधायक विनोद अग्रवाल ने किया जलपूजन व वृक्षारोपण; ग्रामीणों को जल संवर्धन और हरियाली की दिलाई शपथ..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र सरकार के मृद व जल संधारण विभाग की ओर से 15 से 21 अगस्त तक चलाए जा रहे जल संधारण सप्ताह अभियान के अंतर्गत आज 20 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री सुधारकराव नाईक जयंती निमित्त गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुलोद में जल संरक्षण को लेकर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित***

किया गया। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल ने गांव के तालाब में जलपूजन कर वृक्षारोपण किया तथा ग्रामीणों को जल संवर्धन, अधिकाधिक वृक्षारोपण और गांव को स्वच्छ, हरित एवं सुजलाम-सुफलाम बनाने की शपथ दिलाई। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि भारत प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध देश है, लेकिन आधुनिकता की दौड़ में जल, जंगल और जमीन जैसे प्राकृतिक संसाधनों के साथ लगातार खिलवाड़ हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने गांवों में सिंचाई और जलापूर्ति के लिए तालाबों का निर्माण किया था, लेकिन आज हमारी लापरवाही के कारण अनेक जलस्रोत अस्तित्व खोने की कगार पर हैं। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और यह आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि खेती के तौर-तरीकों में भी बदलाव की आवश्यकता है। प्राकृतिक एवं जैविक खेती की जगह रासायनिक खादों के बढ़ते इस्तेमाल से जमीन की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने ग्रामीणों से जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा फसल पद्धति में बदलाव करते हुए धान के साथ-साथ नकदी फसलों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया।

### 'तालाब की गाद खेतों के लिए वरदान'..

विधायक अग्रवाल ने चुलोद के तालाब का उदाहरण देते हुए कहा कि लंबे समय से उपेक्षित यह तालाब लगभग दम तोड़ चुका था, लेकिन खोलीकरण और जलसंधारण कार्य के बाद इसमें फिर से जीवन लौट आया है। उन्होंने कहा कि तालाबों से निकलने वाली गाद को बेकार न समझकर खेतों में उपयोग किया जाना चाहिए। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और फसल उत्पादन में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यदि आज जल का संवर्धन और संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले समय में एक लीटर पानी के लिए 100 रुपए तक चुकाने की नौबत आ सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जल बचाने, जलस्रोतों का संरक्षण करने और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक विनोद अग्रवाल ने उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता और गांव को हराभरा एवं जलसमृद्ध बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई।

### यह रहे उपस्थित..

इस अवसर पर पंचायत समिति सभापति मुनेश रहांगडाले, जिला परिषद सदस्य ममताताई वाढवे, पंचायत समिति सदस्य कनीराम तावाड़े, ग्राम चुलोद की सरपंच मायाबाई बोरकर, एपीएमसी संचालक राधाकृष्ण ठाकुर, गोविंदभाऊ ठाकुर, मृद व जल संधारण विभाग के उपअभियंता राहुलकर, तलाठी लँजे मैडम, विजय ठाकुर, पुलिस पाटील कविता भालाधरे, संजय बिसेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# अनुप टेक्सटाईल्स में हुई चोरी मामले में गोंदिया पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय चोर को गिरफ्तर..

### आरोपी ने गोंदिया के अलावा रायपुर में की चोरी भी कि स्वीकार..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर पुलिस की डी.बी. टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अंतरराज्यीय-अंतरजिला चोर को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया है। आरोपी से पूछताछ के दौरान गोंदिया शहर के 2 तथा रायपुर, छत्तीसगढ़ के 2 चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।***

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता राजकुमार ध्यानदास डेबानी (67), निवासी आशीर्वाद कॉलोनी, फुलचूर, गोंदिया की अनुप टेंट्सटाइल्स दुकान से 31 जुलाई 2026 की रात 9:45 बजे से 1 अगस्त 2026 की सुबह 11 बजे के बीच अज्ञात चोर ने नकद राशि चोरी कर ली थी। इस मामले में 1 अगस्त 2026 को गोंदिया शहर पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। गोंदिया शहर थाना प्रभारी प्रवीण बोरकुटे के मार्गदर्शन में डी.बी. टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य में जाकर आरोपी की तलाश की। इसी क्रम में गुलशन सीताराम वैष्णव (30), निवासी घाट सिमरिया, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश को 15 अगस्त 2026 को हिरासत में लिया गया।

आरोपी से पूछताछ के दौरान उसने गोंदिया शहर में की गई चोरी के साथ-साथ रायपुर, छत्तीसगढ़ में दो स्थानों पर चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी के पास से चोरी की रकम से खरीदी गई एमपी-20/छ्ष्ट-2835 नंबर की मोटर साइकिल, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 35 हजार रुपये है, तथा करीब 20 हजार रुपये कीमत का वीवो कंपनी का मोबाइल फेन बरामद कर जब्त किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से गोंदिया शहर पुलिस थाने के दो चोरी के मामलों तथा रायपुर, छत्तीसगढ़ के दो चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस की डी.बी. टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई की सराहना की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे तथा उपविभागीय पुलिस अधिकारी गोंदिया सुनील दरेकर के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में डी.बी. टीम के सफौ/कवलपालसिंग भाटिया, सतीश राठोड, सुदेश टेंभरे, निशिकांत लोंदासे, दीपक राहांगडाले, पो.नि. सुभाष सोनवाने, अशोक राहांगडाले, दिनेश बिसेन, मुकेश रावत, प्रमोद शेंडे, सोनू नागपुरे, राकेश बंजारे, अजय बापचे और कुणाल बारवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गोंदिया पुलिस ने 04 आदतन अपराधियों को किया 3 माह के लिए गोंदिया जिले से तड़ीपार..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बार-बार गंभीर अपराध करने वाले 04 आदतन अपराधियों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 56 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए 3 माह के लिए गोंदिया जिले से तड़ीपार किया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार तड़ीपार किए गए आरोपियों में 1. अमर उर्फबंडू मनोहर लाचरवार (45), निवासी गौतमनगर, गोंदिया, 2. वैभव उर्फबिंदू सुशील लदरे (30), निवासी सावराटोली, गोंदिया, 3. शुभम पुरुषोत्तम हरदिये (28), निवासी बाजपेयी वार्ड, गोंदिया तथा 4. अभिषेक उर्फ अंडा मनोज पांडे (26), निवासी मालवीय वार्ड, श्रीनगर, गोंदिया शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि चारों के खिलाफ हत्या के प्रयास, चोट पहुंचाना, गाली-गलौज, धमकी, अवैध आग्नेयास्त्र रखने, जुआ अधिनियम, मादक पदार्थ सहित अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं। इनके अपराधों के कारण नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ था। समय-समय पर इनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने के बावजूद इनकी आपराधिक गतिविधियां जारी रहीं। आगामी त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इनके खिलाफमहाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 56 के तहत तड़ीपारी का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। प्रस्ताव की जांच एवं सुनवाई के बाद सक्षम प्राधिकारी ने 14 अगस्त 2026 को आदेश जारी करते हुए चारों आदतन अपराधियों को तीन माह की अवधि के लिए गोंदिया जिले से तड़ीपार कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से गोंदिया शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलने के साथ ही आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों में पुलिस का भय कायम होने की उम्मीद है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे एवं अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे के निर्देश पर, उपविभागीय पुलिस अधिकारी गोंदिया सुनील दरेकर तथा स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में गोंदिया शहर थाना प्रभारी प्रवीण बोरकुटे, स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस हवलदार प्रकाश गायधने, पुलिस अमलदार छगन विठ्ठले, उपविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय के पुलिस हवलदार रऊफपठान, गोंदिया शहर पुलिस थाने के पुलिस हवलदार निशिकांत लोंदासे, पुलिस अमलदार दिनेश बिसेन सहित अपराध प्रकटीकरण दल के अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com